Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
# घटती घटना
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -80 गुरूवार,19 जनवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

जिसके मन में लगन है उसके लिए हर मुश्किल आसान है।

-जेम्स एलेन-

# जासूस द्वारा वित्त मंत्रालय की संवेदनशील जानकारियां गुप्त तरीके से पहुंचाई जा रही थी विदेश





### क्राइम ब्रांच ने आरोपी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली,18 जनवरी 2023 (ए)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने वित्त मंत्रालय से संबंधित संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में एक जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। डेटा एंट्री ऑपरेटर सुमित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुमित पर वित्त मंत्रालय की संवेदनशील जानकारियों को विदेश पहुंचाने का आरोप है।

### ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट के तहत केस दर्ज

मामले को लेकर दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बताया कि तलाशी के दौरान आरोपित से एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। क्राइम ब्रांच ने ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### आईएसआई के हनीट्रैप में फंसा विदेश मंत्रालय का ड्राईवर पाकिस्तान भेजने लगा भारत की खुफिया जानकारी हुआ गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा एजेंसियों की मदद से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को भारत की खुफिया जानकारी मुहैया कराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विदेश मंत्रालय में एक ड्राइवर है।

आरोपित को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसएआई ने हनीट्रैप में फंसा लिया था। जिससे वह भारत की गोपनीय और संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था। पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर उससे अन्य जानकारी जुटा रही है। साथ ही सुरक्षा एजेंसियां भी पता लगाने में जुटी हुई हैं कि उसने अब कौन कौन सी इन्फोर्मेशन (जानकारी) पाकिस्तान को दी है।

### किसी पूनम शर्मा या पूजा को भेज रहा था जानकारी

पुलिस का कहना है कि ड्राइवर को जवाहरलाल नेहरू भवन से गिरफ्तार किया गया है। वह पैसों के बदले पाकिस्तान को गुप्त सूचनाएं और दस्तावेज मुहैया कराता था। बताया गया है कि वह जिस व्यक्ति को जानकारी देता था, वह पूनम शर्मा या पूजा के नाम से जुड़ा हुआ था। यह मामला हनीट्रैप का माना जा रहा है।

### पाकिस्तान की थी जासूस महिला

सूत्रों के मुताबिक, पकड़ा गया ड्राइवर पाकिस्तान की एक महिला जासूस को विदेश मंत्रालय से जुड़ी जानकारियों को भेज रहा था। वह जिस महिला के संपर्क में था, वह बताती थी कि वह कोलकाता में रहती है।



# डीएलएफ को लगा बड़ा झटका

### नोएडा प्राधिकरण को देना होगा 235 करोड़

नोएडा ,18 जनवरी 2023(ए)। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण को राहत देते हुए डीएलएफ की ओर से दाखिल किए गए कंटेप्ट ऑफ कोर्ट को खारिज कर दिया है। इसके बाद अब डीएलएफ को 235 करोड़ रुपए की रकम देनी होगी। ये वो रकम है जिसे प्राधिकरण जमीन अधिग्रहण मामले में रेड्डी विरेन्ना को दे चुका है। प्राधिकरण की ओर से तर्क दिया गया कि मॉल प्रबंधन और नोएडा प्राधिकरण के बीच हुई लीज डीड की शर्तों में साफ लिखा है कि अगर इस जमीन से संबंधित किसी को अतिरिक्त मुआवजा दिया जाता है तो वह पैसा प्रबंधन को देना होगा। दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अदालत ने मॉल प्रबंधन के कंटेप्ट को खारिज कर दिया। नोएडा प्राधिकरण के ओ एस डी कुमार संजय ने बताया कि न्यायालय ने कंटेप्ट ऑफ कोर्ट खारिज कर दिया है। अब उसे पूरा पैसा देना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एसजीपीसी प्रमुख की गाड़ी पर हमला,बाल-बाल बचे



चंडीगढ़ ,18 जनवरी 2023(ए)। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी की गाड़ी पर बुधवार को मोहाली के पास बदमाशों ने हमला कर दिया। हमले में धामी बाल-बाल बच गए लेकिन एसयूवी का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। एसजीपीसी प्रमुख मोहाली-चंडीगढ़ सीमा पर कौमी इंसाफ मोर्चा में प्रदर्शनकारियों से मिलने जा रहे थे, तभी उनकी गाड़ी पर हमला किया गया।

शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने इसे एसजीपीसी और पंथिक संस्थानों को कमजोर करने की साजिश का हिस्सा करार देते हुए कहा कि इस तरह के कृत्य खालसा पंथ को वश में करने और विफल होने की हताशा से पैदा हुए हैं। अब पंथ में अराजकता और गृहयुद्ध पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। पंथ इस तरह के कायरतापूर्ण कृत्यों की अनुमति नहीं देगा और सभी बंधी सिंहों की जल्द रिहाई के लिए सब कुछ करने का संकल्प करता है।

### धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में तीन गिरफ्तार

प्रयागराज ,18 जनवरी 2023 (ए)। प्रयागराज पुलिस ने एक मदरसा शिक्षक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जो सालाना माघ मेला में कथित तौर पर धर्म परिवर्तन रैकेट का हिस्सा थे।



गिरफ्तार किए गए लोगों में से दो ने कुछ समय पहले इस्लाम कबूल किया था और माघ मेले में धर्म परिवर्तन को प्रोत्साहित करने के मकसद से 'संदिग्ध' किताबें और पर्चे बेचते और बांटते पाए गए थे।

# त्रिपुरा,मेघालय और नागालैंड में चुनाव तारीखों का ऐलान

### 2 मार्च को आएंगे नतीजे




नई दिल्ली ,18 जनवरी 2023(ए)। चुनाव आयोग ने बुधवार को पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों का ऐलान करते हुए कहा कि त्रिपुरा विधानसभा के चुनाव 16 फरवरी को और नागालैंड तथा मेघालय विधानसभाओं के चुनाव 27 फरवरी को होंगे और तीनों राज्य विधानसभाओं के चुनाव परिणाम दो मार्च को घोषित किये जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अनुपम चंद्र पांडे तथा अरुण गोयल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि त्रिपुरा में 16 फरवरी को नागालैंड तथा मेघालय में एक साथ 27 फरवरी को मतदान कराया जा रहा है। त्रिपुरा की सभी 60 सीटों के लिए 21 जनवरी को अधिसूचना जारी होगी और 30 जनवरी तक नामांकन किया जा सकेगा तथा दो फरवरी तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। मेघालय और नागालैंड में 31 जनवरी को अधिसूचना जारी होगी और सात फरवरी तक नामांकन किया जा सकेगा। उम्मीदवार 10 फरवरी तक नाम वापस ले सकेंगे।

उन्होंने कहा कि देश में जितने भी चुनाव होते हैं वहां कोई हिंसा नहीं होती है और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। आयोग सुनिश्चित करेगा कि इन तीनों राज्यों में भी चुनाव के दौरान कोई हिंसा नहीं होगी। चुनाव आसान हो यह काम किया जा रहा है और 300 से ज्यादा मतदान केंद्रों को पूरी तरह से महिलाएं संचालित करेंगी। कई जगह महिला मतदाताओं के क्रेच भी बनाए जा रहे हैं। युवाओं को वोटिंग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। युवा कर्मचारियों के माध्यम से चुनाव मतदान केंद्रों को ज्यादा प्रभावी तरीके से संचालित किया जाएगा। सभी केंद्रों पर जरूरी सुविधाएं करने की व्यवस्था की गई है।

चुनाव आयोग ने कहा कि इस चुनाव में नागालैंड की एक रोचक तस्वीर है जिसमें एक घर आधा भारत में पड़ता है और आधा म्यामार में पड़ता है। कई जगह अस्थायी पुल हैं और वहां से पोलिंग पार्टी को अपने तैनाती केंद्र पर जाना पड़ेगा जिसकी प्रशंसा होनी चाहिए। उनका कहना था कि यह प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे। बच्चों की परीक्षा प्रभावित नहीं हो इसलिए मार्च से पहले मतदान प्रक्रिया पूरा करने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि तीन विधानसभाओं का कार्यकाल 12, 15 और 22 मार्च को समाप्त हो रहा है। इन तीनों राज्यों में पिछले कुछ चुनावों से लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है और महिलाओं की मतदान में भागीदारी ज्यादा रही है जो लोकतंत्र के लिए गौरव की बात है।

# सदन में बड़ा ड्रामा,कोई रुपए की गड्डी लेकर तो कोई पहुंचा यमुना का दूषित पानी लेकर

नई दिल्ली ,18 जनवरी 2023(ए)। दिल्ली विधानसभा के तीन दिवसीय सत्र का आज तीसरा दिन है और आज भी सदन में पक्ष-विपक्ष का हंगामा जारी है। जहां पहले दिन भाजपा विधायक ऑक्सीजन सिलिंडर लेकर, दूसरे दिन काली पगड़ी पहनकर आए थे, वहीं बुधवार को भाजपा के सभी विधायक यमुना नदी का प्रदूषित जल लेकर पहुंच गए हैं। एक ओर जहां भाजपा यमुना सफाई के मुद्दे पर चर्चा कराना चाहती है, वहीं आप विधायक भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा चाहते हैं।



### बिष्ट-वर्मा को किया मार्शल आउट

भाजपा सदस्य मोहन सिंह बिष्ट ने यमुना नदी के पानी के सैंपल विधानसभा अध्यक्ष को दिए और कहा कि इसमें तेजाब है।विधानसभा अध्यक्ष ने पूछा कि इसमें तेजाब नहीं मिला तो वह उनकी सदस्यता समाप्त कराएंगे। इसके बाद मोहन सिंह बिष्ट को मार्शल आउट करा दिया गया। इस पर भाजपा के अन्य सदस्यों ने सदन का बहिष्कार किया। भाजपा सदस्यों ने यमुना की सफाई पर चर्चा कराने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष ने चर्चा करने से मना किया तो भाजपा सदस्य इस मामले को लेकर विरोध जता रहे हैं। विरोध जताते हुए भाजपा सदस्य सीटों पर खड़े हो गए, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा सदस्य अभय वर्मा को मार्शल आउट कराया।

### विस अध्यक्ष ने भाजपा का प्रस्ताव फाड़ा

विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा का चर्चा कराने संबंधी मांग के प्रस्ताव को फाड़ दिया। इस पर भाजपा सदस्य अपनी सीटों पर खड़े हो गए। विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा सदस्य अजय महावर को मार्शल आउट कराया। इसके बाद भाजपा सदस्य ओम प्रकाश शर्मा, अनिल बाजपेयी को भी मार्शल आउट करा दिया। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि वह आसन के सामने आकर विरोध जता रहे थे।

### रिश्वत में मिली नोटों की गड्डी लेकर पहुंचे आप विधायक

आम आदमी पार्टी के विधायक महेंद्र गोयल ने रिश्वत देने का आरोप लगाया। वह रिश्वत के तौर पर मिले रुपए की गड्डी लेकर सदन में पहुंचे। महेंद्र गोयल ने कहा कि रोहिणी स्थित अंबेडकर अस्पताल में कर्मचारियों को नौकरी देने के मामले में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है और यह कर्मचारी लोगों का इलाज करने के दौरान रिश्वत मांगते हैं। उन्होंने इस संबंध में जब कई जगह शिकायत की तो संबंधित कंपनी ने उनको चुप रहने के लिए रिश्वत देने का ऑफर किया। उन्होंने बताया कि इस मामले का खुलासा करने के लिए उन्होंने कंपनी के साथ बातचीत की और उन्होंने मुझे कुछ रुपए रिश्वत के तौर पर दिए। इस बारे में मैंने पुलिस और अन्य जगह शिकायत की मगर उनकी शिकायत पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए वह ये मुद्दा सदन में उठा रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने उनके इस मामले को विधानसभा की कमेटी के पास जांच के लिए भेजा।

# अल-शबाब के 21 आतंकवादी मारे गए

मोगादिशू ,18 जनवरी 2023 (ए)। सोमालिया नेशनल आर्मी (एसएनए) ने मध्य सोमालिया में एक सैन्य ठिकाने पर अल-शबाब के आतंकवादियों के हमले में अल-शबाब के 21 आतंकवादियों को मार गिराया और कई अन्य को घायल कर दिया। रक्षा बलों के प्रमुख ओडोवा युसुफ रेज ने बताया कि



उग्रवादियों ने ठिकाने पर दो कार बमों से हमला किया, जिससे तबाही हुई।

हमलावरों को खदेड़ने में सैनिकों की त्वरित प्रतिक्रिया के लिए रेज ने कहा कि हमले में एसएनए के पांच सैनिक मारे गए।अल-शबाब ने हाल के महीनों में सोमाली सरकार और अफ्रीकी संघ के सैनिकों के लिए आधार खो दिया है

## महिला नक्सली का पत्र से हुआ विस्फोटक खुलासा,यौन शोषण

जमुई ,18 जनवरी 2023 (ए)। विषमता और अत्याचार के बहाने अवैधानिक संगठन बना हिंसा को प्रश्रय देने वाले नक्सली अपने ही संगठन की महिलाओं पर कहर ढाने से बाज नहीं आते। शादी का झांसा देकर वे संगठन से जुड़ी महिलाओं का यौन शोषण तक करते हैं। इसका रहस्योद्घाटन पुलिस के हाथ लगे महिला नक्सली रेणुका कोड़ा के पत्र से हुआ है। रेणुका ने अपने कमांडरों से संगठन के भीतर महिलाओं पर अत्याचार की शिकायत की थी।



दादा और करम उपनामधारी कमांडरों ने प्रत्युत्तर में पत्र लिख रेणुका की सराहना की थी। वह पत्र भी पुलिस के हाथ लगा है। रेणुका से पहले रीना कोड़ा भी कुछ ऐसी ही शिकायतों से भरा पत्र अपने कमांडरों को लिख चुकी थी। तब उसे भी उचित कार्रवाई का आश्वासन मिला था। हालांकि, शोषण का क्रम जारी रहा।

मुंगेर जिला में लटैयाटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत सरांदी गांव की रहने वाली रेणुका पर 50 हजार का पुरस्कार घोषित किया था। चार दिन पहले झारखंड के देवघर जिला अंतर्गत जसीडीह थाना क्षेत्र के चपरिया गांव से उसकी गिरफ्तार हुई। वह नक्सली कमांडर प्रवेश की सहयोगी रही है। उसके विरुद्ध मुंगेर, लखीसराय और जमुई जिले में 19 मामले दर्ज हैं।

## बीजू पटनायक का डकोटा विमान ओडिशा वापस लाया गया



भुवनेश्वर ,18 जनवरी 2023 (ए)। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज नेता बीजू पटनायक द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले पसंदीदा डकोटा विमान को भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर प्रदर्शन के लिए ओडिशा लाया गया। पुलिस एस्कॉर्ट के साथ, विमान के हिस्सों को तीन बड़े लॉरियों में लाया गया, यह बुधवार शाम भुवनेश्वर शहर पहुंची। दिग्गज नेता बीजू पटनायक द्वारा इस्तेमाल किए गए विमान की एक झलक पाने के लिए सैकड़ों लोग कोलकाता को भुवनेश्वर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़े नजर आए। हाईवे पर लोग विमान के साथ तस्वीरें क्लिक कराते नजर आए।

## मेघालय में 5 और विधायकों ने सदन और पार्टी से दिया इस्तीफा

शिलांग ,18 जनवरी 2023 (ए)।मेघालय के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री रेनिक्टन लिंगदोह तोंगखर और कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के चार अन्य मौजूदा विधायकों ने चुनाव आयोग द्वारा तीन पूर्वोत्तर राज्यों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने से पहले विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एलएसपीडीपी) के विधायक तोंगखर, तृणमूल कांग्रेस के विधायक शीतलंग पाले, कांग्रेस के निलंबित विधायक मायरालबॉर्न सिएम और प्रोसेस टी. सॉकमी और निर्दलीय विधायक लम्बोर मालनगियांग ने विधानसभा अध्यक्ष मेतबाह लिंगदोह को अपना त्याग पत्र सौंपा।

प्रोसेस टी. सॉकमी एचएसपीडीपी में शामिल होंगे, जबकि चार अन्य बुधवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित एक समारोह के दौरान अपने समर्थकों की उपस्थिति में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी




(यूडीपी) में शामिल हो गए। एचएसपीडीओ और यूडीपी दोनों मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस (एमडीए) सरकार के घटक हैं, जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा के लिए नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) कर रही है। दो विधायकों (एक मंत्री सहित) वाली भाजपा भी 6-दलीय एमडीए सरकार का हिस्सा है। अब तक, मेघालय के 18 विधायक दो महीने से भी कम समय में सदन और अपनी संबंधित पार्टियों से इस्तीफा दे चुके हैं और विभिन्न संगठनों में शामिल हो गए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा (2010-2018) के नेतृत्व में बारह विधायक, जिन्होंने 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी, नवंबर 2021 में तृणमूल में शामिल हो गए, जिससे तृणमूल कांग्रेस रातों-रात पूर्वोत्तर राज्य में मुख्य विपक्ष बन गई। 2018 के विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 21 सीटें जीतीं, लेकिन बाद में उसके विधायक तृणमूल और एनपीपी समेत अन्य दलों में शामिल हो गए।तृणमूल के भी 12 विधायकों में से पांच अब तक पार्टी छोड़कर अन्य दलों में शामिल हो चुके हैं।

## मनप्रीत बादल के कांग्रेस छोड़ने पर जयराम रमेश ने कहा- बादल छट गए..

नई दिल्ली ,18 जनवरी 2023 (ए)।। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल के पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने पर कहा कि राज्य इकाई से बादल छट गए हैं। उन्होंने कहा, एक व्यक्ति जिसने अपनी पार्टी बनाने के लिए अकाली दल को छोड़ दिया और फिर कांग्रेस में शामिल हो गया, 5 साल के लिए वित्त मंत्री बना, फिर 60,000 से अधिक वोटों के रिकॉर्ड अंतर से हार गया और उसके बाद हाइबरनेशन में चला गया, अब बीजेपी में शामिल हो गया।मनप्रीत बादल, जिन्होंने प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग के साथ मतभेदों के बाद पार्टी छोड़ दी थी और बीजेपी में शामिल होने वाले कांग्रेस नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, पूर्व राज्य अध्यक्ष सुनील जाखड़ और पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल शामिल हैं।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लिखे पत्र में अकाली दल के संरक्षक प्रकाश सिंह बादल के भतीजे मनप्रीत बादल ने कहा कि दिल्ली की मंडली पंजाब को चला रही है और इससे केवल गुटबाजी बढ़ी है।

## संपादकीय

### हाथ से जुड़ेंगे हाथ ?

कांग्रेस ने 26 जनवरी से 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह मुहिम भी 30 जनवरी को श्रीनगर में पूरी होने जा रही भारत जोड़ो यात्रा जैसी ही महत्त्वाकांक्षी है। कांग्रेस के नजरिए से यह अच्छी बात है कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ ही संगठन को सक्रिय रखने की योजना पार्टी नेतृत्व ने घोषित कर दी है। किसी संगठन के लिए सबसे हानिकारक बात यही होती है कि नेतृत्व कोई दिशा और कार्यक्रम देने में नाकाम रहता है, जिससे कार्यकर्ता निष्क्रिय होने लगते हैं। तो कांग्रेस ने 26 जनवरी से 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह मुहिम भी 30 जनवरी को श्रीनगर में पूरी होने जा रही भारत जोड़ो यात्रा जैसी ही महत्त्वाकांक्षी है। दरअसल, जब इस यात्रा का कार्यक्रम घोषित किया गया था, तब ज्यादातर लोगों को उम्मीद नहीं थी कि सचमुच राहुल गांधी और अन्य 'भारत यात्री' साढ़े तीन हजार किलोमीटर पैदल चलेंगे। तब यह भी अनुमान नहीं था कि यह यात्रा इतनी प्रभावशाली होगी। इस यात्रा की सफलता ने कांग्रेस और उससे जुड़े लोगों की साख कायम की है। सबसे ज्यादा साख राहुल गांधी की बढ़ी है, जिन्हें अब एक जमीनी समझ रखने वाले और आम जन से जुड़े नेता के रूप में देखा जाने लगा है।

इसलिए अब उन्होंने नए अभियान को लेकर आम जन को जो पत्र लिखा है, उसे हलके से नहीं लिया जाएगा। कांग्रेस ने दावा किया है कि इस मुहिम के दौरान उसके कार्यकर्ता राहुल गांधी का वह पत्र और मोदी सरकार के खिलाफ 'चार्जशीट' लेकर सभी छह लाख गांवों में घर-घर जाएंगे। पार्टी ने इस 'अराजनीतिक' भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस की राजनीतिक पहुंच का अभियान बताया है। इसलिए इसमें पार्टी के चुनाव निशान 'हाथ' को प्रमुखता दी गई है। जाहिर है, इस मुहिम के जरिए पार्टी लोगों से अपना हाथ कांग्रेस के 'हाथ' से जोड़ने का आह्वान कर रही है। स्पष्टतः इसमें सफलता को लेकर फिलहाल उतना ही संदेह है, जितना भारत जोड़ो यात्रा से पहले उसकी सफलता को लेकर था। बहरहाल, यह जरूर कहा जा सकता है कि भले इस अभियान में कांग्रेस को लोगों को खुद से जोड़ने में भले वैसी कामयाबी ना मिले, लेकिन इससे पार्टी संगठन में गति और सक्रियता बनी रहेगी, जो गुजरे दशकों में जमीन से कटती गई गई इस पार्टी के लिए अपने-आप में बेहद महत्त्वपूर्ण है।

## मुस्कुराते हुए चेहरे

किस्मत वालों की ज़िंदगी में ही
लिखा होता है हंसना और मुस्कुराना
हंसने मुस्कुराने का भी वक्त नहीं है
चिंताओं में डूबा है सारा ज़माना
जो खुल कर जियेगा मुस्कुराएगा
वही ज़िन्दगी का लुत्फ उठाएगा
मुश्किलों से भिड़ने का रखता है जो दम
वही ज़िन्दगी में आगे बढ़ पायेगा
किसी की मुस्कुराहट के पीछे कितने हैं गम
यह दूसरा कभी नहीं जान पाता है
दूसरों को मुस्कुराहट दिखाने से यदि कोई खुश है
तो अंदर का गम छुपाने में क्या जाता है
मुस्कुराते चेहरे सभी को अच्छे लगते हैं
रोनी सूरत किसी को भी नहीं भाती
मुस्कुरा कर जो करता है बात दूसरों से
इज़्ज़त उसकी और भी बढ़ जाती

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



रवींद्र कुमार शर्मा
घुमारवीं
बिलासपुर हिमाचल प्रदेश

## संग तू और नदी का किनारा है

ये दिल कैसे प्यार में आवारा है
तेरे बिन जिंदगी कैसे गुजारा है
क्या हंसी ये रुत और नजारा है
संग तु और नदी का किनारा है
रेत पर हम आशियाना बना लेंगे
फूल पौधो से इसको सजा लेंगे
बचपन की यादों का सहारा है
संग तु और नदी का किनारा है
उंगलिया अटखेलीया करते रहे
नाम को आगे पीछे उकरते रहे
रेत का घर ये कितना सुहाना है
संग तु और नदी का किनारा है
हम नाम लिखते और मिटाते रहे
एक दूजे को जैसे आजमाते रहे
एक दूजे की यादें ही सहारा है
संग तु और नदी का किनारा है
आओ मिलकर के घरौंदा बनाये
सजिले सपनो से उसको सजाये
कितना सुन्दर ये सब नजारा है
संग तु और नदी का किनारा है

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



प्रमेशदीप मानिकपुरी
धमतरी
छत्तीसगढ़.

## मुक्तक

(1)
भयभीत है यह सदी आज।
जीवित है एक बदी आज।
सहमी-सहमी डरी-डरी सी,
फिर दिखती है द्रौपदी आज।
(2)
तन में तनाव जरूरी है।
मन में लगाव जरूरी है।
जीना सीखना है गर तो,
जीवन में अभाव जरूरी है।
(3)
कहाँ गया धेनुओं का वो क्षीर।
पीया जिनने, वो धीर गम्भीर।
इक गीता दिया, इस जहान् को,
जो कृष्ण बना, वो कर्मवीर।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
(छत्तीसगढ़)

# राजनीतिक लाभ के लिए सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग

स्वतंत्र, कानून का पालन करने वाले संस्थान आवश्यक जांच और संतुलन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे मजबूत और लचीले लोकतंत्रों के लिए अंतिम आधार प्रदान करते हैं। हाल ही में, भारत में समाज के कमजोर वर्गों द्वारा विरोध की कई घटनाएं हुई हैं। इसके अलावा, असहमति के दमन की प्रकृति कानून प्रवर्तन एजेंसियों और नागरिकों के बीच शक्ति के असंतुलन को दर्शा सकती है। राजनीतिक लाभ के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों का दुरुपयोग सीधे तौर पर लोकतंत्र के लिए खतरा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार का अभियान सराहनीय है; हमें भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़े कदम उठाने की जरूरत है। लेकिन प्रवर्तन एजेंसियों को इस तरह से हथियार बनाना कि वे दोषी साबित होने तक निर्दोष माने जाने के अधिकार सहित एक नागरिक की मौलिक स्वतंत्रता पर रौंद डाले, यह हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। समकालीन भारतीय राजनीति की महान त्रासदियों में से एक हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों की स्वायत्तता का ह्रास है। यह शायद 70 के दशक के मध्य में आपातकाल के समय का है, जिसके बाद से हर राजनीतिक दल ने इस अस्वास्थ्यकर अभ्यास को अलग-अलग डिग्री के हठधर्मिता के साथ जारी रखा है। इन एजेंसियों की स्वतंत्रता किसी भी जीवंत लोकतंत्र की आधारशिला है। किसी भी लोकतंत्र के फलने-फूलने के लिए, उसके संस्थानों के नियंत्रण और संतुलन को काम करने की अनुमति दी जानी चाहिए ताकि कार्यालय में बैठे लोगों द्वारा सत्ता के दुरुपयोग को रोका जा सके।

स्वतंत्र, कानून का पालन करने वाले संस्थान आवश्यक जांच और संतुलन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे मजबूत और लचीले लोकतंत्रों के लिए अंतिम आधार प्रदान करते हैं। हाल ही में, भारत में समाज के कमजोर वर्गों द्वारा विरोध की कई घटनाएं हुई हैं। इसके अलावा, असहमति के दमन की प्रकृति कानून प्रवर्तन एजेंसियों और नागरिकों के बीच शक्ति के असंतुलन को दर्शा सकती है। राजनीतिक लाभ के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों का दुरुपयोग सीधे तौर पर लोकतंत्र के लिए खतरा है, छत्तीसगढ़ फर्जी मुठभेड़ मामला-छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल फर्जी मुठभेड़ में लगे हुए थे- जैसा कि एक न्यायिक जांच से पता चला है।

न्यायिक जांच ने सात साल की लंबी जांच पूरी की, पाया कि ÷माओवादियों÷ की तथाकथित मुठभेड़ में उन लोगों की मौत हुई, जो माओवादी नहीं थे, बल्कि निर्दोष ग्रामीण थे। इसके अलावा, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम में ऐसी भाषा शामिल है जो ÷सदस्यता÷ का अर्थ बताए बिना, आतंकवादी गिरोहों या गैरकानूनी संगठनों की ÷सदस्यता÷ का अपराधीकरण करने वाली व्यापक और अस्पष्ट है। ÷फर्जी मुठभेड़ों÷ की समस्या ने भी भारतीय राजनीति को लंबे समय से परेशान किया है। हाल ही में तेलंगाना मुठभेड़ का मामला, जहां, जनहित याचिका पर कार्रवाई करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने छह महीने की रिपोर्टिंग अवधि के साथ एक ÷समिति÷ को जांच का आदेश दिया। फर्जी मुठभेड़ें होती हैं क्योंकि जवाबदेही के पर्याप्त ढाँचे मौजूद नहीं होते हैं।

जांच एजेंसियों का राजनीतिक लाभ हानि के उद्देश्य से दुरुपयोग पहले भी होता रहा है, पर यह प्रवृत्ति पिछले आठ सालों में जिस तरह से एक एजेंडे के रूप में बढ़ी है वह चिंतित करने वाली तो है ही, साथ ही जांच एजेंसियों की साख गिराने वाला भी एक कदम है। सरकार, और सत्तारूढ़ दल में अंतर होता है। सत्तारूढ़ दल और एक विशेष कॉकस यानी शिखर पर कुछ लोग जो यह तय करते हैं कि क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए, इसमें अंतर होता है। पर यह अंतर मिटता जा रहा है। जिस तरह से आज महत्वपूर्ण जांच एजेंसियों का दुरुपयोग केवल सरकार बनाने और गिराने के लिए किया जा रहा है, यह न तो लोकतंत्र के लिए शुभ है और न ही सरकार और एजेंसियों के लिए भी।

जिन जांच एजेंसियों का सबसे अधिक, राजनीतिक कारणों से दुरुपयोग किये जाने की चर्चा है, उसमें एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट, यानी ईडी, यानी प्रवर्तन निदेशालय, सबसे पहले नंबर पर आता है, जिसके पास आर्थिक अपराधों की विवेचना करने की शक्ति होती है। दूसरे नंबर पर सीबीआई, सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन है जिसके पास आपराधिक मामलों की जांच करने की शक्ति है, फिर एनआईए है जो आतंकी मामलों की जांच करने के गठित की गई है।

जब प्रवर्तन एजेंसियों का दुरुपयोग अनियंत्रित और व्यापक हो जाता है, तो यह संस्था को उसकी प्रतिष्ठा से समझौता करके, वैध उपयोगकर्ताओं को बाहर कर या अवसरवादी हितों द्वारा तोड़फोड़ के माध्यम से बेकार कर सकता है। पंजाब चुनाव के समय पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के रिश्तेदारों के यहां छापेमारी की गई। या डीके शिवकुमार पर छापे (और गिरफ्तारी) उस समय के आसपास जब कर्नाटक में सरकार गिराई गई थी, जब कानून प्रवर्तन एजेंसियां एक शासन के हाथों में सत्ता में बने रहने और बदला लेने के लिए एक उपकरण बन जाती हैं।

नियत प्रक्रिया के लिए जवाबदेही की आवश्यकता होती है। इसके लिए आवश्यक है कि एक एजेंसी अधिकता के लिए जवाब दे। ईडी के मामले में, जब्ती और गिरफ्तारी की अपनी कठोर शक्तियों के साथ, सत्ता के नशे में चूर सरकार के एकमात्र आदेश पर, अदालत ने, प्रभावी रूप से उन्हें अपनी गतिविधियों पर पर्दा डालने की अनुमति दी है। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए घातक ट्यूमर है। सर्वोच्च न्यायालय का प्रधान संवैधानिक कर्तव्य प्रशासनिक कार्यपालिका की ताकत के साथ-साथ मौलिक संवैधानिक गारंटी को अपंग करने के लिए विधायी बहुमत के दुरुपयोग के खिलाफ संविधान की रक्षा करना है।

कानून प्रवर्तन एजेंसियां, बल के उपयोग पर एकाधिकार रखने वाले संप्रभुता के साधन के रूप में कार्य करती हैं। हालांकि, यह याद रखना चाहिए कि भारत जैसे लोकतंत्र में, लोग वास्तविक संप्रभु हैं जैसा कि प्रस्तावना द्वारा उजागर किया गया है जिसमें कहा गया है कि हम भारत के लोग। भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार का अभियान सराहनीय है; हमें भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़े कदम उठाने की जरूरत है। लेकिन प्रवर्तन एजेंसियों को इस तरह से हथियार बनाना कि वे दोषी साबित होने तक निर्दोष माने जाने के अधिकार सहित एक नागरिक की मौलिक स्वतंत्रता पर रौंद डाले, यह हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



डॉ. सत्यवान सौरभ,
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,
हरियाणा

# राजस्थान में कांग्रेस को मिटाना होगा आपसी झगड़ा

राजस्थान में दिसंबर महीने में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी तरह चुनावी मूड मे लग रही है। प्रदेश में 18 दिनो तक चली राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा के बाद कांग्रेस संगठन भी सक्रिय हो गया है। कांग्रेस के नए प्रदेश प्रभारी बने सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पद संभालते ही प्रदेश कांग्रेस में लम्बे समय से रिक्त पड़े संगठन के पदों पर नियुक्तियां करवानी प्रारंभ करवा दी है। जिससे कांग्रेस संगठन में हलचल होने लगी है। लम्बे समय से सुस्त पड़े कांग्रेस कार्यकर्ता भी अब तरोताजा लग रहें हैं।

प्रदेश प्रभारी रंधावा ने जहां प्रदेश कांग्रेस के रिक्त पड़े सभी 400 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों में से अधिकांश ब्लॉक अध्यक्षों का मनोनयन करवा दिया है। वहीं पहली बार मंडल इकाई का भी गठन करवाया जा रहा है। यह कांग्रेस में एक नई शुरुआत है। इससे बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को संगठन में पदाधिकारी बनाया जा सकेगा। जिससे कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशी के साथ जुट कर चुनाव में काम करेगें।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा समाप्त होने के बाद 27 जनवरी से प्रदेश कांग्रेस कमेटी एक नया कार्यक्रम हाथ जोड़ो अभियान चलाएगी। 18 दिसंबर को अलवर के मालाखेड़ा में भारत जोड़ो यात्रा के तहत आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा था कि मुझे भाजपा वाले बुरे नहीं लगते हैं। मैं रास्ते में जाता हूं तो इशारा करके पूछते हैं कि क्या कर रहे हो? मैं उन्हें जवाब देना चाहता हूं कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं। आइए आप भी बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलिए। महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, अंबेडकर साहब ने भी मोहब्बत की दुकान खोली थी। राहुल गांधी के भाषण की इन लाइनों को अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी घर-घर पहुंचाने का काम करेगी। इसके लिए पार्टी ने काम शुरू कर दी है। कांग्रेस पदाधिकारी घर-घर जाएंगे और लोगों से सीधे बात करेंगे।



इसी अभियान के तहत राहुल गांधी के पत्र हर घर तक पहुंचाए जाएंगे। राहुल गांधी का व्यक्तिगत पत्र प्रदेश के हर घर में पहुंचाने के लिए पार्टी पदाधिकारियों को टास्क दे दिया गया हैं। अगले दो महीने में प्रदेश के हर कोने तक राहुल गांधी के इस संदेश को लोगों को तक पहुंचाया जाएगा। इस अभियान की निगरानी के लिए प्रदेश में वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षकों बनायाा गया है। बताया जा रहा है कि ये पत्र घर जाकर दिया जाएगा ताकि जनता से सीधा संवाद भी हो और उनकी परेशानी व मुद्दों को सुना जाए।

इस कार्यक्रम के लिये आयोजित होने वाली पदयात्रा दो महीने तक गांवों में रहेगी। एक महीने में सभी पॉलिंग बूथ कवर किए जाएंगे। हर गांव में मीटिंग होंगी। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर संदेश लेकर जाएंगे। पत्र में राहुल गांधी के संदेश के साथ मोदी सरकार की नाकामियां भी बतायी जायेगी। गांवों में यात्रा का वीडियो भी दिखाया जाएगा। हर गांव के ग्रुप भी बनेंगे। गांवो में युवक कांग्रेस व एनएसयूआई बाइक रैली निकालेंगी। जिला स्तर पर कार्यकर्ता मेला लगाया जाएगा। इसमें प्रदेशाध्यक्ष, मुख्यमंत्री व वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। प्रदेश स्तर पर महासंगम होगा। कांग्रेस महारैली का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य बड़े नेता आएंगे।

राजस्थान का बजट भी इस बार अलग हट कर होगा। माना जाता है कि राजस्थान का बजट पूरे देश को रास्ता दिखाता है। राजस्थान में सरकारी कर्मचारियों के लिये फिर से पुरानी पेंशन योजना लागू करने के बाद कांग्रेस शासित व अन्य कई राज्यों ने भी इस योजना को लागू करने की घोषणा कर दी है। इसके अलावा आने वाले बजट में प्रदेश को बहुत कुछ खास मिलने वाला है। कांग्रेस का बजट आम आदमी का बजट होता है। राहुल गांधी की यात्रा के दौरान राजस्थान सरकार द्वारा गरीब परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की जा चुकी है।

चुनावी वर्ष में प्रशासन को भी और अधिक सक्रिय किया जा रहा हैं। सियासी तापमान नापने के लिए सभी जिला कलेक्टर और मंत्री भी जल्द ही गांव-कस्बों में महीने में दो बार जन सुनवाई कर रात्रि चैपाल लगाएंगे। चुनावी वर्ष में गुड गवर्नेंस को प्रभावी बनाने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऐसा होने जा रहा है। जिलों में जहां भी संभव होगा मंत्रियों-कलेक्टरों की मीटिंग्स को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जयपुर स्थित सचिवालय से भी जोड़ा जाएगा। जिससे समस्याओं को हाथों-हाथ ही निपटाया जा सके।

इस विषय में जयपुर के ओटीएस में चिंतन शिविर का आयोजन होगा। चिंतन शिविर की मुख्य थीम ही गुड गवर्नेंस हैं। शिविर में सभी बजट घोषणाओं और घोषणा पत्र में किए गए वादों पर ही सभी मंत्रियों को प्रजेंटेशन देना है। इस में मंत्री बीते चार वर्षों में घोषणाओं पर अब तक हुए काम को बताएंगे और शेष रही घोषणाओं को कब तक पूरा करेंगे इस विषय में अपना प्लान साझा करेंगे। इसका उद्देश्य प्रशासनिक मशीनरी को कसने के साथ ही सरकार के परफोर्मेंस के बारे में राजनीतिक फीडबैक भी जुटाना है। कुछ महीने बाद सरकार के सामने विधानसभा चुनाव आने वाले हैं। ऐसे में कलेक्टर-मंत्रियों के जरिए मिलने वाला फीडबैक मददगार साबित हो सकता है।

राजस्थान में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। मगर कांग्रेस में नेतृत्व का असमंजस बना हुआ है। हालांकि चुनावी वर्ष को लेकर कांग्रेस ने कार्य शुरू कर दिया है। इसके बावजूद नेतृत्व के स्तर पर स्थितियां साफ नहीं होने से कांग्रेस में अंदरूनी स्तर पर असमंजस और खींचतान बनी हुई है। इसका असर कार्यक्रमों और तैयारियों पर देखने को मिल रहा है। कांग्रेस में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच लड़ाई जगजाहिर हो चुकी है। दोनों की यह लड़ाई जुलाई 2020 में हुई बगावत के बाद से लगातार चल रही है। वहीं 25 सितम्बर 2022 को हुई इस्तीफा पॉलिटिक्स के बाद यह और गहरा गई।

पार्टी आलाकमान ने इस मसले पर अभी तक कोई निर्णय नहीं किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पार्टी के लिये गहलोत और पायलट दोनों को जरूरी बता रहे हैं। अशोक गहलोत 2023 के अंत तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे या चुनाव से पहले सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाया जायेगा। यह स्थिति अभी साफ नहीं हुई है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि पार्टी इस असमंजस के हालातों में ही खुद को सबसे बेहतर स्थिति में देख रही है।

कांग्रेस में ऊपरी स्तर पर खींचतान और असमंजस की स्थिति का असर नीचे के स्तर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं पर पड़ रहा है। चुनावी साल में जिम्मेदारियों को लेकर नेता असमंजस में हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लगता है कि अब भी मुख्यमंत्री बदला जा सकता है। अगर मुख्यमंत्री नहीं बदलता है तो पार्टी प्रदेशाध्यक्ष व चुनाव प्रचार कमेटी के अध्यक्ष का पद पायलट खेमे के पास जा सकता है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ेगें इसको लेकर उहापोह की स्थिति में नजर आ रहें हैं। जो पार्टी के हित में नहीं हैं।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

# चिंताजनक स्तर तक बढ़ती अमीरी-गरीबी की खाई

दुनियाभर में अमीरी और गरीबी के बीच खाई निरन्तर बढ़ती जा रही है, जो कोरोना काल के बीच और तेजी से बढ़ी है। इसी बढ़ती खाई को लेकर पूरी दुनिया में एक नई बहस छिड़ी है। गरीबी उन्मूलन के लिए कार्यरत संस्था ऑक्सफैम इंटरनेशनल की वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक से ठीक पहले आई रिपोर्ट 'सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट- द इंडिया स्टोरी' में इसे लेकर कई चौंका देने वाले खुलासे किए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 21 सबसे अमीर अरबपतियों के पास इस समय देश के 70 करोड़ लोगों से भी ज्यादा धन-दौलत है और वर्ष 2021 में भारत की कुल संपत्ति में से 62 फीसदी हिस्से पर देश के केवल 5 प्रतिशत लोगों का ही कब्जा था जबकि भारत की निचले तबके की बहुत बड़ी आबादी का देश की केवल तीन फीसदी सम्पत्ति पर ही कब्जा रहा। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2020 में अरबपतियों की संख्या 102 थी, जो 2022 में 166 पर पहुंच गई पिछले साल नवम्बर तक भारतीय अरबपतियों की सम्पत्ति में 121 फीसदी तक बढ़ोतरी देखी गई। एक ओर जहां आम आदमी कोरोना महामारी के दौर में पेट भरने का जुगाड़ करने के लिए संसाधन जुटाने को तरसता रहा, नौकरी संबंधी समस्याओं का सामना करता रहा, वहीं उस दौर में भी भारत के अरबपतियों की दौलत में प्रतिदिन 3608 करोड़ रुपये प्रतिदिन बढ़े। ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट में पिछले दस वर्षों में देश में पैदा हुई सम्पत्ति के गैर-बराबर बंटवारे के मुद्दे को भी उठाते हुए कहा गया है कि 2012 से 2021 के बीच भारत में जितनी भी संपत्ति अस्तित्व में आई, उसका 40 प्रतिशत हिस्सा देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों के हाथ में गया जबकि 50 फीसदी जनता के हाथ में केवल तीन फीसदी सम्पत्ति ही आई। रिपोर्ट के अनुसार भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सम्पत्ति 54.12 लाख करोड़ रुपये के पार जा चुकी है, जिससे 18 महीनों तक देश का पूरा बजट चलाया जा सकता है। यही कारण है कि सरकार को सलाह दी जाती रही है कि यदि भारतीय अरबपतियों की कुल सम्पत्ति पर महज दो फीसदी टैक्स ही लगा दिया जाए तो उसी से आगामी तीन वर्षों तक कुपोषण के शिकार बच्चों की सभी जरूरतों को बहुत आसानी से पूरा किया जा सकता है। 1980 के दशक की शुरूआत में एक फीसदी धनाढ़यों का देश की कुल आय के छह फीसदी हिस्से पर ही कब्जा था लेकिन बीते वर्षों में यह लगातार बढ़ता गया है और तेजी से बढ़ी आर्थिक असमानता के कारण स्थिति बिगड़ती गई है।

वैसे तो पिछले कुछ वर्षों से लगातार यह तथ्य सामने आ रहे हैं कि देश की आधी सम्पत्ति देश के चंद अमीरों की तिजोरियों में बंद है और अमीर-गरीब के बीच खाई निरन्तर गहरी हो गई है लेकिन बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर स्थिति अब और भी बदतर होती जा रही है और यह केवल भारत की ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। कटु सत्य यही है कि महामारी के दौर में तो अमीर जहां और ज्यादा अमीर हुए, वहीं गरीबों तथा मध्यम वर्ग का हाल और बुरा हुआ है तथा आर्थिक विषमता चिंताजनक स्थिति तक बढ़ गई है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में पहले भी कहा जा चुका है कि अमीर लोग महामारी के समय में आरामदायक जिंदगी का आनंद ले रहे थे जबकि स्वास्थ्य कर्मचारी, दुकानों में काम करने वाले और विक्रेता जरूरी भुगतान करने में असमर्थ थे और इस परिस्थिति से निकलने में वर्षों लग सकते हैं। ऑक्सफैम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ बेहर के मुताबिक रिपोर्ट से स्पष्ट है कि अन्यायपूर्ण आर्थिक व्यवस्था से किस तरह सबसे बड़े आर्थिक संकट के दौरान सबसे धनी लोगों ने बहुत अधिक सम्पत्ति अर्जित की जबकि करोड़ों लोग बेहद मुश्किल से गुजर-बसर कर रहे हैं।




ऑक्सफैम की पिछले साल की रिपोर्ट में भी कहा गया था कि यदि कोरोना के कुबेरों से वसूली होती तो देश में आर्थिक असमानता को लेकर स्थिति इतनी खराब नहीं होती। इससे पूर्व 'रिफ्यूजी इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट में भी खुलासा हुआ था कि कोरोना महामारी ने दुनियाभर में 16 करोड़ से भी ज्यादा ऐसे लोगों के रहने का ठिकाना छीन लिया, जो भुखमरी, बेरोजगारी तथा आतंकवाद के कारण अपने घर या देश छोड़कर दूसरी जगहों पर बस गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना महामारी सामाजिक असमानताओं को और उभार रही है। संयुक्त राष्ट्र और डेनवर विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में भी कहा जा चुका है कि महामारी के दीर्घकालिक परिणामों के चलते वर्ष 2030 तक 20.7 करोड़ और लोग बेहद गरीबी की ओर जा सकते हैं और यदि ऐसा हुआ तो दुनियाभर में बेहद गरीब लोगों की संख्या एक अरब को पार कर जाएगी। विश्व खाद्य कार्यक्रम के एक आकलन के अनुसार दुनियाभर में 82 करोड़ से भी ज्यादा लोग हर रात भूखे सोते हैं और बहुत जल्द 13 करोड़ और लोग भुखमरी तक पहुंच सकते हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की 'स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरनमेंट इन फिगर्स 2020' रिपोर्ट में कहा गया था कि कोरोना से वैश्विक गरीबी दर में 22 वर्षों में पहली बार बढ़ोतरी होगी और भारत की गरीब आबादी में 1.2 करोड़ लोग और जुड़ जाएंगे, जो दुनिया में सर्वाधिक हैं।

विश्व के कई अन्य देशों के साथ भारत में भी बढ़ती आर्थिक असमानता बेहद चिंताजनक है क्योंकि बढ़ती विषमता का दुष्प्रभाव देश के विकास और समाज पर दिखाई देता है और इससे कई तरह की सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियां भी पैदा होती हैं। करीब दो वर्ष पहले भी यह तथ्य सामने आया था कि भारत के केवल एक फीसदी सर्वाधिक अमीर लोगों के पास ही देश की कम आय वाली 70 फीसदी आबादी की तुलना में चार गुना से ज्यादा और देश के अरबपतियों के पास देश के कुल बजट से भी ज्यादा सम्पत्ति है। विश्व आर्थिक पत्रिका 'फोर्ब्स' की अरबपतियों की सूची में सौ से भी ज्यादा भारतीय हैं जबकि तीन दशक पहले तक इस सूची में एक भी भारतीय नाम नहीं होता था। हालांकि देश में अरबपतियों की संख्या बढ़ना हर भारतीय के लिए गर्व की बात होनी चाहिए लेकिन गर्व भी तभी हो सकता है, जब इसी अनुपात में गरीबों की आर्थिक सेहत में भी सुधार हो।

ऑक्सफैम की हालिया रिपोर्ट में मांग की गई है कि धनी लोगों पर उच्च सम्पत्ति कर लगाते हुए श्रमिकों के लिए मजबूत संरक्षण का प्रबंध किया जाए। दरअसल बड़े औद्योगिक घरानों पर टैक्स लगाकर सार्वजनिक सेवाओं के लिए आवश्यक संसाधन जुटाए जा सकते हैं। कुछ विशेषज्ञों का मत है कि देश के शीर्ष धनकुबेरों पर महज डेढ़ फीसदी सम्पत्ति कर लगाकर ही देश के कई करोड़ लोगों की गरीबी दूर की जा सकती है लेकिन किसी भी सरकार के लिए यह कार्य इतना सहज नहीं है। दरअसल यह जगजाहिर है कि बहुत से राजनीतिक फैसलों पर भी इन धन कुबेरों का ही नियंत्रण होता है। आर्थिक विषमता आर्थिक विकास दर की राह में बहुत बड़ी बाधा बनती है। दरअसल जब आम आदमी की जेब में पैसा होगा, उसकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, आर्थिक विकास दर भी तभी बढ़ेगी। यदि ग्रामीण आबादी के अलावा निम्न वर्ग की आय नहीं बढ़ती तो मांग में तो कमी आएगी ही, इससे विकास दर भी प्रभावित होगी।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़,
नई दिल्ली

## जोशीमठ : पर्यावरण बनाम विकास

उत्तराखंड में भगवान श्रीबद्रीविशाल के शरदकालीन पूजा स्थल और आदि शंकराचार्य की तपस्थली ज्योतिर्मठ (जोशीमठ) नगर में विगत महीने से जो बड़ी लंबी-लंबी दरारें आ गई, वे निरंतर गहरी व लंबी होती जा रही हैं।

वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और धार्मिक लोगों के अनुसार, बेतरतीब ढंग से हुए 'विकास' और हर वर्ष बढ़ते पर्यटकों के सैलाब को इसका कारण माना जा सकता है। जोशीमठ नगर बद्रीनाथ धाम से 45 किमी. पहले ही अलकनंदा नदी के किनारे वाले ऊंचे तेज ढलान वाले पहाड़ पर स्थित है। यहां पर फौजी छावनी और नागरिक मिलाकर 50,000 के लगभग निवासी रहते हैं। साल के छह महीने की गर्मियों के दौरान यह संख्या पर्यटकों के कारण दुगुनी हो जाती है। बद्रीनाथ धाम में दर्शनार्थी तो आते ही हैं, साथ ही विश्व प्रसिद्ध औली जाने वाले पर्यटक भी आते हैं। औली बद्रीनाथ से करीब 50 किमी. दूर है। जोशीमठ से 4 किमी. पैदल चढ़ कर औली पहुंचा जा सकता है। इसलिए औली जाने वाले ज्यादातर पर्यटक भी रात्रि विश्राम जोशीमठ में ही करते हैं। यहां से बद्रीनाथ धाम जाने के लिए 12 किमी. नीचे की ओर विष्णुगंगा और अलकनंदा के मिलन विष्णु प्रयाग तक उतरना पड़ता है, जहां विष्णु प्रयाग जलविद्युत परियोजना (जेपी ग्रुप) का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां बिजली बनाने के लिए बड़ी-बड़ी सुरंग कई वर्षों से बनाई जा रही हैं, जिनमें से अधिकांश बन चुकी हैं। जोशीमठ के नीचे दरकने और दरारें आने की मुख्य वजह ये सुरंगें बताई जा रही हैं क्योंकि बारूद से विस्फोट करके ही इन्हें बनाया जाता है। इस कारण पहाड़ में दरारें आना स्वभाविक है। यह कार्य चार दशकों से पूरे हिमालय विशेषकर गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्र में हो रहा है। बिजली बनाने के लिए कई सौ परियोजनाएं यहां चल रही हैं। मैदानों को दी जाने वाली बिजली बनाने के लिए कई दशकों से यहां अंधाधुंध व बेतरतीब ढंग से हिमालय में सुरंगों, सड़कों और पुलों का निर्माण जारी है, जिससे यहां की वन संपदा आधी रह गई है। अयोध्या से जुड़े राम भक्त संदीप जी द्वारा साझी की गई जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड स्थित बद्री, केदार, यमुनोत्री व गंगोत्री धामों के दर्शन करके इसी जन्म में मोक्ष पाने की सस्ती लालसा के पिपासुओं की भीड़ और नवधनाढ्यों की पहाड़ों में मौज मस्ती भी यहां प्राकृतिक संसाधनों पर भारी पड़ी है। इस कारण समूचा गढ़वाल हिमालय क्षेत्र तेजी से नष्ट हो रहा है जबकि यह देवात्मा हिमालय का सर्वाधिक पवित्र क्षेत्र माना जाता है। इसकी भौगोलिक स्थिति का स्कंध पुराण में भी विस्तृत वर्णन मिलता है।

यहां कदम-कदम, मोड़-मोड़ पर प्राचीन ऋषि मुनियों के आश्रम और पौराणिक देवस्थान स्थित हैं। इन्हीं पर्वतों से गंगा व यमुना जैसी असंख्य पवित्र नदियां निकली हैं। ऐसे परम पवित्र पावन रमणीक हरे-भरे प्रदेश का पर्यावरणविद् के सतत विरोध के बावजूद बिजली बनाने और पर्यटन के लिए वर्तमान बीजेपी सरकार सहित सभी पूर्ववर्ती सरकारों ने खूब



दोहन किया है। इस कारण केदारनाथ त्रासदी जैसी घटनाएं घटित हो चुकी हैं, और आगे और भी भयावह विनाश की खबरें आएंगी क्योंकि जब देवताओं की निवास स्थली देवभूमि हिमालय मी पर्यटन के नाम पर अंडा, मांस, मदिरा का व्यापक प्रयोग और न जाने कैसे-कैसे अपराध मनुष्य करेगा तो देवता तो रुष्ट होंगे ही। हर वर्ष गर्मियों में उत्तराखंड दर्शन और सैरसपाटे के लिए घुमक्कड़ों की भीड़ इस कदर होती है कि पहाड़ों में गाड़ियों का कई किमी. तक लंबा जाम लग जाता है। पर्यटकों के कारण यहां का पारिस्थितिकी तंत्र चरमरा जाता है। हर शहर और गांव में बढ़ती भीड़ के लिए होटल और गेस्ट हाउसों की बाढ़ आई हुई है। प्रश्न है कि मैदानों की बिजली की मांग तो निरंतर बढ़ती जाएगी तो इसका खमियाजा पहाड़ क्यों भरे? सरकारों को अन्य विकल्प तलाशने होंगे। क्यों न यहां भी बढ़ती भीड़ के लिए कश्मीर घाटी के पवित्र अमरनाथ धाम के दर्शन की ही तरह दर्शनार्थियों को सीमित मात्रा में परमिट देने का सिस्टम विकसित किया जाए?

इस विषय में सबसे खास बात है कि सरकार समूचे हिमालय क्षेत्र के लिए खास दीर्घकालीन योजना बनाई जाए जिसमें देश के जाने-माने पर्यावरणविद्, इंजीनियरों और वैज्ञानिकों के अनुभवों और सलाहों को खास तवज्जो दी जाए। तभी हिमालय का पारिस्थितिकी तंत्र संभलेगा वरना तो केदारनाथ त्रासदी और अभी हाल की जोशीमठ जैसी घटनाएं निरंतर और विकराल रूप में आएंगी ही आएंगी। दिल्ली विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रोफेसर और वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के एमिरेट्स साइंटिस्ट प्रो. धीरज मोहन बैनर्जी के अनुसार, 'कई साल पहले भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने एक जांच की थी। वह रिपोर्ट भी बोलती है कि यह क्षेत्र कितना अस्थिर है। भले ही सरकार ने वैज्ञानिकों या शिक्षाविद् को गंभीरता से नहीं लिया, कम से कम उसे भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर तो ध्यान देना ही चाहिए था। इस क्षेत्र में बेतरतीब 'विकास' के नाम पर हो रहे सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगनी चाहिए।

विनीत नारायण

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# बीजेपी स्थानीय विधायक के कौन से निवास का करेंगी घेराव?

- महल विधायक का निवास नहीं, क्या बीजेपी निवास स्थान समझकर करेगी घेराव?
- भाजपा बैकुंठपुर विधायक के किस निवास का करेगी घेराव जबकि महल विधायक का निवास नहीं है
- पूर्व मंत्री के बयान को एडिटिंग कर गलत तरीके से प्रस्तुत करने का भाजपा ने कांग्रेस पर लगाया है आरोप
- पूर्व मंत्री पर गलत आरोप लगाकर बिना अनुमति पूर्व मंत्री का पुतला दहन किया कांग्रेस ने,भाजपा का यह भी है आरोप
- आज 19 जनवरी को बीजेपी वीडियो एडिटिंग कर बिना अनुमति पुतला दहन के मामले में विधायक निवास का घेराव करने का निर्णय लिया है
- कांग्रेस की महिला नेत्रियों ने अपने कंधे पर निकाली थी पूर्व मंत्री भइयालाल राजवाड़े की शवयात्रा
- अब शवयात्रा और पुतला दहन मामला कांग्रेस को ही पड़ने वाला है भारी




- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 18 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के भाजपाइयों द्वारा स्थानीय विधायक का निवास घेरने का निर्णय लिया गया है पर इस निर्णय में सवाल भी कई उठ रहे, बड़ा सवाल यह है कि जहां विधायक निवासरत है वह उनका स्थाई नहीं आस्थाई निवासी है, वही शासन द्वारा निवास अधिकृत किया गया है वह रायपुर में हैं क्या ऐसे में भाजपा रायपुर जाकर विधायक का निवास घेरेंगे या अस्थाई निवास याने की महल को ही घेरेंगे? आखिर जहां विधायक अभी निवासरत है वह महल के नाम से जाना जाता है और यह महल राजा साहब का बताया जाता है, ऐसे में सवाल यह उठता है की महल भी राजनीति का शिकार होगा और विधायक की वजह से, क्योंकि कुमार साहब के रहते हुए कभी भी ऐसी नौबत नहीं आई थी, हमेशा ही महल को सम्मान और इतिहास से जोड़कर ही देखा जाता है, जबकि स्थानीय विधायक का अधिकृत निवास तो रायपुर में है ऐसे में भाजपाई महल को ही स्थानीय विधायक निवास स्थल समझकर घेरेंगे? वही भाजपाइयों का कहना है कि विधायक अभी जहां निवासरत हैं हम तो उसे ही विधायक निवास मान रहे और यही सोचकर हम विधायक निवास घेरेंगे।

ज्ञात हो की कोरिया जिले की राजनीति में जैसे जैसे अब विधानसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है वैसे वैसे पक्ष विपक्ष की तकरार भी बढ़ती हुई देखी जा रही है। कोरिया जिले में जिला विभाजन उपरांत वैसे तो कुल एक ही विधानसभा शेष बचा है लेकिन एक ही विधानसभा में पक्ष विपक्ष की तकरार इतनी तेज हो चुकी है की अब आभास होने लगा है की चुनाव नजदीक है और अब जनता के सामने खुद को साबित करने का वक्त आ गया है और एक दूसरे को परस्पर गलत ठहराकर आगे बढ़ने और जनता की नजर में श्रेष्ठ बनने का यही सही मौका है और जनता का अभी आंकलन चुनाव को लेकर जारी हो गया है और जनता भी अब अपने लिए आगामी चुनाव में किसे प्रतिनिधि चुनना है यह सोच विचार कर रही है। कोरिया जिले में सत्ताधारी दल और विपक्ष की आपसी तकरार अभी हालिया दिनों में तेज हुई है और यह तबसे और अधिक तेज हुई है जबसे उप चुनाव जो जिला पंचायत सदस्य का उप चुनाव था जिसमें सत्ताधारी दल को भाजपा से करारी शिकस्त मिली और सत्ता में रहकर भी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ और पार्टी समर्थित प्रत्याशी को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा।





क्या कांग्रेस की महिला नेत्रियों ने अपने कंधे पर निकाली पूर्व मंत्री भइयालाल की शवयात्रा?

## क्या उप चुनाव में बड़ी हार के बाद सत्ताधारी दल उग्र हो गया?

उप चुनाव के परिणाम सामने आए और भाजपा के पूर्व बैकुंठपुर विधायक की पुत्रवधु को उप चुनाव में बड़ी जीत मिली और बस यहीं से सत्ताधारी दल खासकर विधायक को उग्र देखा जाने लगा और वह आक्रामक होती दिखीं और साथ ही पार्टी के कार्यकर्ता भी आक्रामक नजर आने लगे जिसकी बानगी सोशल मीडिया पर भी देखने को मिली जहां यह यह देखने को मिला की हार को लेकर कांग्रेस के कई नेता खासकर युवा नेताओं को गहरा आघात लगा है और जिसके फलस्वरूप उनकी मानसिक स्थिति का सोशल मीडिया पर उन्होंने स्वयं उल्लेख किया है और जिससे जाहिर होता है की उन्हे बड़ा दुख हार का है। हार का ही दुख था सत्ताधारी दल का जो सामने आया और उन्होंने खाली को गाली मानकर पूर्व मंत्री का पुतला बिना अनुमति जल्दबाजी में फूंक दिया और शवयात्रा भी निकलवा दी। वैसे जैसा की लोगों का कहना है की पूर्व मंत्री ने खाली ही कहा था जिसे गाली बताकर इस तरह प्रसारित किया गया जिससे महिला अपमान मानकर लोग अक्रोशित हों और सहानुभूति मिल सके।

## क्या सहानुभूति जुटाने का पूरा उपक्रम उल्टा साबित हो रहा?

लेकिन सहानुभूति जुटाने का पूरा उपक्रम उल्टा साबित हो गया और जब यह बात स्पष्ट हो गई की पूर्व मंत्री ने गाली नहीं दी है लोगों की भी मानसिकता बदली और उन्होंने भी सत्ताधारी दल का इसे षडयंत्र माना और इसको लेकर उन्हे भी स्वीकार करना पड़ा की सबकुछ सहानुभूति के लिए किया गया और इसमें जो लोग भी सत्ताधारी दल के अगुवा बने सभी ने अपरिपक्व राजनीति दिखाई और साबित किया की उन्हे राजनीति में अभी अनुभव कम है और उनकी इस गलती की सजा उन्हे ही भुगतनी पड़ेगी और इसका दुष्परिणाम भी पार्टी के हिस्से आएगा और हुआ भी वही पूरे मामले में भाजपा को मौका मिल चुका है और भाजपा साफ तौर पर कह रही है की पूर्वमंत्री के बयान की कहीं भी जांच करा ली जाए वह तैयार हैं और जांच में खाली शब्द ही सामने आएगा वह जानते हैं।

## आज भाजपा करेगी विधायक निवास का घेराव

भाजपा ने पूरे मामले में विधायक निवास घेराव की चेतावनी दी है और 19 जनवरी को विधायक निवास भाजपा घेरने जा रही है जिसका ऐलान भी हो चुका है। पूर्वमंत्री के पुतला दहन सहित शवयात्रा निकाले जाने मामले में सत्ताधारी दल को एक और बड़ा नुकसान होने जा रहा है। पूर्व मंत्री के पक्ष में रजवार समाज सामने आया है और उसका कहना है की हिंदू रीति अनुसार शवयात्रा या शव दहन महिलाएं नहीं करतीं और कांग्रेस ने विरोध के दौरान महिलाओं को आगे कर महिलाओं से शवयात्रा निकलवाई जो की धर्मविरुद्ध है और रजवार समाज इससे आहत है। कुल मिलाकर कांग्रेस पूर्व मंत्री के विरोध में वह भी गलत बात पर विरोध मामले में यह भी भूल गई की पूरा रजवार समाज नाराज हो सकता है क्योंकि पूर्वमंत्री पर लगा आरोप ही झूठा है और यह वीडियो देखकर समझा जा सकता है।

## भाजपा विधायक निवास के नाम पर क्या महल का करेगी घेराव

भाजपा पूर्व मंत्री के पुतला दहन मामले में बैकुंठपुर विधायक का निवास घेरने वाली है, बैकुंठपुर विधायक चूंकि महल में रहती हैं और उसी को उनका निवास माना जा सकता है ऐसे में क्या भाजपा महल को विधायक निवास मानकर घेराव करेगी। वैसे महल में फोटो खींचना मना है और बताया जाता है की महल में अनाधिकृत प्रवेश पर राजा साहब को अप्पत्ति रहती है और वह इसको लेकर नाराज भी रहते हैं। वैसे भाजपा विधायक निवास के नाम पर क्या महल का ही घेराव करती है या विधायक के प्रेमाबाग स्थित कार्यालय सह आवास का घेराव करती है यह देखने वाली बात होगी। वैसे महल के ही राजा ने वर्तमान विधायक को महल से राजनीतिक गतिविधि संचालित करने की मनाही की थी और उसी कारण विधायक को अपना कार्यकाल अन्यत्र प्रेमावाग में स्थापित करना पड़ा और जो प्रेमाबाग में स्थित है।

## क्या महल का घेराव होने पर राजा हो सकते हैं नाराज?

जैसा की पिछले समय देखने और सुनने में आया की महल का अधिपत्य जिनके पास है या जो वर्तमान में राजा हैं उन्होंने महल में राजनीतिक गतिविधियां संचालित होने पर आपत्ति दर्ज की थी और तभी से विधायक कार्यालय प्रेमाबाग में संचालित हो रहा है और अब ऐसे में यह सवाल उठता है की क्या यदि भाजपा विधायक निवास मानकर यदि महल का घेराव करती है तो क्या राजा नाराज होंगे क्या वह इसको लेकर आपत्ति दर्ज करेंगे यह देखने वाली बात होगी।

## स्वर्गीय डॉक्टर रामचंद्र सिंहदेव के कार्यकाल में कभी महल घेराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई थी?

वैसे महल में ही रहकर कोरिया कुमार के नाम से प्रसिद्ध स्वर्गीय डॉक्टर रामचंद्र सिंहदेव ने भी अपनी पूरी राजनीतिक जिम्मेदारी निभाई और ऐसा उन्होंने कभी विपक्ष को मौका नहीं दिया की महल को घेरने का अवसर विपक्ष को मिल सके। कुल मिलाकर माना जाए तो बैकुंठपुर विधायक सहित उनके सलाहकारों ने विपक्ष को बेवजह बैठे बिठाए एक मौका दे दिया जिसको लेकर भाजपा अब अपना विरोध दर्ज करने जा रही है।

# विधायक के निशाने पर कौन?

- पहले तनाव फिर मुस्कुराहट फिर कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया विधायक ने

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 18 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

पूरे जिले का पहला झुमका जल महोत्सव राजनीतिक रंगों के बीच संपन्न हुआ पहले मुख्य अतिथि को लेकर तनाव फिर हल मिलने के बाद मुस्कुराहट फिर कार्यक्रम का विधायक ने लिया भरपूर आनंद, कार्यक्रम के दौरान पुलिस वालों की लगी झांकियों में स्थानीय विधायक अंबिका सिंहदेव ने पुलिसकर्मियों के बंदूको को ताना और निशाना लगाया जिसके बाद कौतूहल का विषय यह रहा कि विधायक के निशाने पर कौन है? कौन हो सकता है विधायक का राजनीतिक दुश्मन?

बैकुंठपुर विधायक के लिए वैसे तो बहोत से राजनीतिक प्रतिद्वंदी आने वाले विधानसभा चुनाव में सामने खड़े दिखाई दे रहें हैं लेकिन उनका मुख्य मुकाबला किससे होगा यह अभी तय नहीं है वैसे पूर्व मंत्री भी विधायक के लिए प्रमुख प्रतिद्वंदी हो सकते हैं वहीं खुद कांग्रेस पार्टी से भी कई दावेदार हैं जो विधायक को निशाना लगाने का अवसर भी नहीं देना चाह रहें हैं और वह खुद की दावेदारी कांग्रेस पार्टी से बैकुंठपुर विधानसभा से सामने रख रहें हैं। कुछ ने तो विधायक से ज्यादा जनसंपर्क भी कर लिया है और उनका जनसंपर्क जारी भी है सतत।विधायक को जितनी दिक्कत आने वाले चुनाव में विपक्ष से नहीं है उससे कहीं ज्यादा दिक्कत उन्हे अपनी ही पार्टी के उन लोगों से है जो दावेदारी ठोक रहें हैं।

## बदूकों से निशाना लगाते समय किसे अपना प्रतिद्वंदी माना?

वैसे विधायक ने झुमका महोत्सव में पुलिस विभाग के स्टाल में बदूकों से निशाना लगाते समय किसे अपना प्रतिद्वंदी माना है और वह किसपर निशाना लगा रहीं हैं यह तो वही बता सकती हैं लेकिन उनका निशाना इसबार जरूर लक्ष्य के साथ रहा होगा यह आंकलन लगाया जा रहा है। बैकुंठपुर विधायक अपने पूरे कार्यकाल में जनसंपर्क मामले में कमजोर रहीं हैं वहीं उनके आसपास ऐसे लोगों का भी जमावड़ा रहा है जो अवैध कार्यों में ही लिप्त रहते आए हैं और कई जगह उन्हे ही विधायक की पूरी मंचीय व्यवस्था सम्हालते देखा गया है। अवैध कार्यों में लिप्त लोगों की वजह से भी विधायक की छवि विधानसभा में कमजोर हुई और इसका अंदाजा आज तक उन्हे नहीं हो सका। उनके समर्थकों में शामिल कई निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी अब उनसे दूर हो गए हैं जिसका भी नुकसान उन्हे आगामी चुनाव में होना तय है यह भी माना जा रहा है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है की विधायक को अब कई निशाने लगाने होंगे एकसाथ वहीं उन्हे कुछ लोगों को अभी भी अपनी तरफ से त्यागना होगा तभी उनके लक्ष्य पर निशाना लग सकेगा।



# किसी भी समाज के सर्वांगीण विकास हेतु समाज के सभी सदस्यों को शिक्षित होना अति आवश्यकःमहापौर राजकिशोर प्रसाद

- संवाददाता -
कोरबा, 18 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा उद्गार कुशवाहा समाज द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह के आयोजन अवसर पर कुशवाहा समाज कल्याण समिति जिला कोरबा के अध्यक्ष एवं नगर पालिक निगम कोरबा महापौर राजकिशोर प्रसाद ने स्वागत उद्बोधन के साथ समाज के गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता एवं एकजुटता के साथ संगठन को मजबूती प्रदान किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने समाज की विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु अपने महापौर मद से दिए गए 10 लाख रूपये एवं कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल के विधायक मद से दिए गए 20 लाख रूपये के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि, इस कार्य की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अति शीघ्र निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगद्ब। वहाँ उपस्थित स्वजातीय बन्धुओं ने करतल ध्वनि के साथ खुशी जाहिर की और कोरबा विधायक एवं राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित जिले के पुलिस कप्तान संतोष सिंह द्वारा इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा गया कि ,सभी व्यक्ति को अपने समाज के साथ जुड़ कर रहना चाहिए। अपने बच्चों के शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा कि, हम भले एक रोटी कम खा ले, एक कपड़ा कम पहन ले लेकिन बच्चों के शिक्षा के लिए कोई कोताही ना करें। कोरबा जिले में पुलिस विभाग के द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति के लिए ÷निजात÷ कार्यक्रम एवं सड़क सुरक्षा के लिए ÷हिफाजत% अभियान की जानकारी भी उनके द्वारा दी गई।



# क्या वन विभाग के पिंजरे में फंसा वह तेंदुआ जिससे विभाग व ग्रामीण थे परेशान?

- क्या 38 दिन के जद्दोजहद बाद उस तेंदुए को पकड़ने में वन विभाग को मिली कामयाबी जिसने ली कई ग्रामीण की जान?
- क्या सही में पकड़ा गया आदमखोर तेंदुआ या कोई और तेंदुआ फसा पिंजरे में?
- तेंदुआ को पकड़ने के बाद भी तीसरे दिन और जारी रहेगा वन विभाग का रेस्क्यू
- पकड़े गए तेंदुए को कानन पेंडारी भेजा जाएगा

- रवि सिंह -
मनेंद्रगढ़ 18 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़ वन मंडल के जनकपुर और कुंवारपुर परिक्षेत्र में आतंक का पर्याय बने आदमखोर तेंदुए को आखिरकार पकड़ लिया गया, 15 जनवरी को उसके हमले से एक व्यक्ति की मौत के बाद वन विभाग का सचिव स्तर से लेकर गार्ड स्तर तक की टीम उसकी खोज में लगी थी, बुधवार की सुबह तेंदुआ ग्राम नौडिया में रखे पिंजरे में फंस गया आदमखोर तेंदुए को कानन पेंडारी भेजा जाएगा पर वन विभाग के पिंजरे में एक तेंदुआ फस गया पर यह तेंदुआ वही तेंदुआ है जो लोगों की जान ले रहा था इसे लेकर वन विभाग भी संतुष्ट नहीं है जिस वजह से वह अभी भी 3 दिन और रेस्क्यू ऑपरेशन करेगा, क्योंकि इस क्षेत्र में कई और तेंदुआ है अब सवाल यह है कि जिस तेंदुए की वजह से लोग परेशान थे उनके जान पर आ पड़ी थी वह तेंदुआ वन विभाग के पिंजरे में फस या नही? इस समय यह कहना गलत होगा कि आदमखोर तेंदुआ ही वन विभाग के पिंजरे में फस गया है यदि वह तेंदुआ फस गया है तब तो राहत की बात है और यदि नहीं फसा है तो फिर से किसी ने किसी की जान ले सकता है ऐसी संभावना बनी हुई है संभावनाओं को देखते हुए ही वन विभाग अभी भी सचेत है। बुधवार सुबह राहत भरी खबर आई है दहशत का पर्याय बना तेंदुआ ग्राम नौडिया में रखे पिजरे में फंस गया, वन अमले के साथ क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली, बीते एक सप्ताह से तेंदुए को पकड़ने की कोशिश की जा रही थी, वनविभाग की ओर से आदमखोर तेंदुए की लगातार निगरानी की जा रही थी, आदमखोर तेंदुए को पकड़ने पहले बकरी फिर मुर्गा और अब कुत्ते को चारा बनाया गया था।





## 15 जनवरी की घटना के बाद राज्य स्तर पर वन विभाग में हलचल हुई थी तेज

मनेंद्रगढ़ वन मंडल के जनकपुर और कुंवारपुर परिक्षेत्र में बीते एक महीने से तेंदुए का आतंक था, आदमखोर तेंदुआ अब तक तीन लोगों की जान ले चुका है, वहीं एक को गंभीर रूप से घायल कर चुका है, 15 जनवरी को हुई घटना के बाद राज्य स्तर पर वन विभाग में हलचल तेज हुई, घटना के दूसरे दिन वाइल्ड लाइफ के पीसीसीएफ जनकपुर पहुंचे, सीसीएफ सरगुजा के साथ वन्य प्राणी के सीसीएफ, गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के संचालक और मनेंद्रगढ़ वन मंडल के डीएफओ दो दिन से तेंदुए की खोज में जनकपुर में डेरा डाले रहे।

## खोजी कुत्ते की भी ली गई मदद

तेंदुए की खोज के लिए वन विभाग ने पूरा जोर लगाया. खोजी कुत्ते की मदद ली गई. तेंदुए पर नजर रखने और उसे ट्रेंकुलाइज करने दो टीम मौके पर थी, वहीं तमोर पिंगला से एक हाथियों को मंगाया गया, जिस पर बैठकर टीम तेंदुए के करीब जाकर उसे बेहोश करती. हालांकि हाथी की मदद लेने से पहले ही आदमखोर तेंदुआ पकड़ लिया गया।

## बकरी के बाद पिंजरे में रखी गई मुर्गी

बकरी के बाद पिंजरे में रखी गई मुर्गी बीते 15 दिन से वन विभाग तेंदुए को पकड़ने की जुगत लगा रहा था. पहले पिंजरे में बकरी को तेंदुए के आहार के रूप में रखा गया. उसके बाद वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट ने बताया कि ÷बाघ और तेंदुआ बकरी को अपना आहार नहीं बनाता, उसे मुर्गा या कुत्ता काफी पसंद है. फिर मुर्गे को पिंजरे में रखा गया, लेकिन तेंदुए ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई. अब उसके लिए एक कुत्ते को पिंजरे में रखा गया है. इसे शिकार बनाने में तेंदुआ पिंजरे में फंस गया।

## आदमखोर तेंदुआ को पकड़ने के बाद तीसरे दिन भी शुरू हुआ रेस्क्यू

तैमोर पिंगला अभ्यारण से आये हाथी से की जाएगी फुट पेट्रोलिंग अभ्यारण से आई है 11 लोगो की टीम। जंगल सफारी और कानन पेंडारी से आये है वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट। एक तेंदुए पिंजरे में फसने से एक्सपर्ट की टीम सतर्क। दो और तेंदूए की पग मार्क मिले सर्चिंग जारी है।

## मुर्गे की लालच में वन विभाग के पिंजरे में में फंस तेंदुआ

मनेन्द्रगढ वन मंडल के जनकपुर परिक्षेत्र में पिछ्ले 38 दिनों से दहशत फैलाने वाले आदमखोर तेंदुआ आखिरकार मुर्गे की लालच में वन विभाग द्वारा बिछाए गए जाल में फंस ही गया। तेंदुए के पकडे जाने से वन विभाग की टीम व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। तेंदुए को पकड़ने के लिए एक्सपर्ट टीम लगातार प्रयास कर रही थी। तेंदुआ को रायपुर जंगल सफारी भेजा गया है।

## डाग नेरो की मदद से फसा तेंदुआ

लोकनाथ पटेल डीएफओ ने कहा वन विभाग की टीम ने तीन जाल नौढिया और सिंगरौली में लगाया था हर पिजड़े में मुर्गा रखा गया था। इसके अलावा तेंदुए को पकडने के लिए अचानकमार टाइगर रिजर्व के डाग नेरो की भी मदद ली गई। नेरो ने ही तेंदुए के पंजे के निशान को सूंघकर उस जगह पर टीम को ले गया, जहां तेंदुआ था इसी के करीब पिंजरे को रखा गया था। पिंजरे के अंदर मुर्गे को बांध दिया गया था। इसी को खाने के लालच में तेंदुआ फंस गया। इस आदमखोर तेंदुए की वजह से यहां के ग्रामीणा काफी दहशत में थे।

आदमखोर तेंदुए ने तीन लोगों मारने के साथ एक मासूम को घायल कर चुका था। 15 जनवरी को इसके हमले से कुंवारी ग्राम के रमदमन बैगा की मौत हो गई थी। घटना से नाराज ग्रामीणों ने शव का पीएम न कराने की जिद पर अडे थे। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की थी कि तेंदुए को पकड़ा जाए या फिर उसे मार दिया जाए।

रविशंकर सिंह, जिला पंचायत सदस्य

# प्रधानमंत्री छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद करेंगे:जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 18 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के आखिरी हफ्ते में परीक्षा पे चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम के मद्देनजर सरस्वती शिशु मंदिर में स्कूली छात्र-छात्राओं से आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के प्रभारी देवेन्द्र तिवारी, नपाध्यक्ष नविता शिवहरे, प्राचार्य रमाकांत शुक्ला, आनन्द तिवारी, निर्णायक शुभांक सुर्वे, मुकेश तिवारी, अराधना सिंह, तस्कीन बानो, प्रभा हथ्था, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हर्षल गुप्ता, आई0टी0सेल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तीरथ राजवाड़े, जिला महामंत्री शारदा गुप्ता, आईटी सेल जिला संयोजक आलेख नामदेव, जिला उपाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, जिला मंत्री एवं कार्यक्रम के सह प्रभारी प्रखर गुप्ता, कुणाल जायसवाल, अनिल राजवाड़े, आशीष यादव, रवि त्रिपाठी रवि दुबे, उपस्थित रहें।

कार्यक्रम के दौरान शहर के विभिन्न स्कूलों से 200 की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिन्होने कुल 8 विषयों को अपने आर्ट के माध्यम से पेन्टिग द्वारा प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -अराध्या जायसवाल (सेंट जोसेफ स्कूल, रामपुर), द्वितीय स्थान- इवेन्जलीन बारा (केन्द्रीय विद्यालय), तथा तृतीय स्थान-निलांश जांगड़े (जवाहर नवोदय विद्यालय) ने प्राप्त किया। इसके अलावा कार्यक्रम में अन्य टॉप 10 प्रतिभागियों को एक्सेलेन्ट आर्ट का प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरूस्कार राशि, मेडल एवं प्रमाण-पत्र व 10 एक्सेलेन्ट आर्ट वारियर एवं अन्य प्रतिभागियों को आर्ट वारियर को प्रमाण पत्र प्रदान किय गया।






### महीने के आखिरी हफ्ते में 'परीक्षा पे चर्चा

जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के आखिरी हफ्ते में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम छात्र-छात्राओं अपने परिवारजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात को माह के आखिर रविवार को अवश्य सुने। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अपने उद्बोधन में हमें प्ररेणा दायक विषयों पर मार्गदर्शन करते है हमें बहुत कुछ सिखने व नये चीजों के बारे में जानकारी मिलती है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शक्तिशाली देश के रूप में अग्रसर

आज हमारा देश विश्वभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में शक्तिशाली देश के रूप में अग्रसर है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम विद्यार्थियों से आगामी 27 जनवरी 2023 को चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि, 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर के बच्चों से सीधा संवाद करते हैं, उनके सवालों को सुनते हैं और उनके जवाब देते है।

# मुख्यमंत्री ने सामाजिक संगठनों को सामाजिक भवन निर्माण के लिए 02 करोड़ 02 लाख रूपए की दी स्वीकृति

- संवाददाता -
कोरबा, 18 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मंगलवार की शाम कटघोरा रेस्ट हाउस में विभिन्न समाज के प्रमुखों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों से की मुलाकात। मुख्यमंत्री ने सामाजिक संगठनो को सामाजिक भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 02 लाख रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कंवर समाज के सामुदायिक भवन के लिए 50 लाख रूपए, देवांगन समाज के सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख रूपए, सिंधी समाज के मांगलिक भवन के लिए 20 लाख रूपए, कुर्मी समाज के लिए ग्राम दादर मंगामार में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान में बाउंड्री वॉल और नमाज पढ़ने के शेड के लिए कुल 37 लाख रूपए, महंत समाज को सामाजिक भवन के लिए 20 लाख रूपए, राजपूत समाज को सामाजिक भवन के लिए 15 लाख रूपए देने की घोषणा की। पूर्वांचल समिति के पदाधिकारियों ने हसदेव नदी पर छठ घाट बनाने तथा सामाजिक भवन के निर्माण की मांग की। मुख्यमंत्री ने छठ घाट निर्माण के लिए नगर निगम को निर्देश दिये तथा पूर्वांचल समिति के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रूपये देने की घोषणा की।




मुख्यमंत्री से मरार पटेल समाज ने बाजार में पसरा नही होने पर मंडी बनाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में मंडी के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सतनामी समाज ने कटघोरा में प्री-पोस्ट मेट्रिक छात्रावास प्रारंभ करने का आग्रह किया साथ ही हुसैन तालाब की साफ-सफाई के बारे में भी ध्यान आकर्षित कराया। मुख्यमंत्री ने हुसैन तालाब की गंदगी साफ करने के संबंध में कलेक्टर को सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। देवांगन समाज ने ककून बैंक से ककून दिलाने के आग्रह पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। ब्राह्मण समाज द्वारा मुख्यमंत्री श्री बघेल को उनका स्कैच भेंट किया गया। गाड़ा समाज द्वारा समाज को आदिवासी समाज में शामिल करने के लिए केन्द्र सरकार को अनुशंसा के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने मामले का अध्ययन कर प्रस्ताव पर विचार करने की बात कही। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भेंट मुलाकात कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, पाली तानाखार विधायक श्री मोहित राम केरकेट्टा, कटघोरा विधायक श्री पुरुषोत्तम कंवर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अंकित आनंद, संभाग आयुक्त डॉ. संजय अलंग एवं कलेक्टर श्री संजीव झा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस पर मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल करेंगे जिले में ध्वजारोहण

- संवाददाता -
कोरबा, 18 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरोना महामारी के कारण कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए इस वर्ष गणतंत्र दिवस कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनाया जाएगा। मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के कोरबा जिले में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। डॉ. जायसवाल कोरबा के सीएसईबी ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस बार केवल जिला मुख्यालय में परेड आयोजित की जाएगी। परेड में पुलिस, नगर सेना एवं जेल प्रहरियों की टुकड़ियां भाग लेंगे। समारोह सुबह नौ बजे शुरू होगा। मुख्य अतिथि डॉ. जायसवाल द्वारा मुख्यमंत्री के छत्तीसगढ़ वासियों के लिए प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, डॉक्टरों, पुलिस कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय योजनाओं की चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए स्कूली बच्चों का कार्यक्रम तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा।



## चौकी रामपुर एवं हरदीबाजार को मिला थाना का दर्जा

» चौकी रामपुर का नया नाम थाना सिविल लाइन रामपुर

- संवाददाता -
कोरबा, 18 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला कोरबा अंतर्गत चौकी रामपुर एवं चौकी हरदीबाजार को नवीन थाना के रूप में उन्नयन किया गया है द्ध इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित की गई है। वर्तमान में चौकी रामपुर थाना कोतवाली कोरबा व चौकी हरदीबाजार थाना कुसमुंडा के अधीन है। चौकी रामपुर का नया नाम थाना सिविल लाइन रामपुर होगा। थाना कोतवाली के अंतर्गत आने वाले चौकी रामपुर व चौकी सीएसईबी का क्षेत्र थाना सिविल लाइन रामपुर में शामिल किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार पंप हाउस, ट्रांसपोर्ट नगर, 15 ब्लॉक, इंदिरा विहार कॉलोनी, सीएसईबी पूर्व, चारपारा, कोहड़िया, बरपारा, पीपलपारा, ढेंगुरनाला, आरामशीन, काशीनगर, बुधवारी, सीएसईबी कॉलोनी, पथर्रीपारा, मानसनगर,

महाराणा प्रताप नगर, शिवाजी नगर, र.पी नगर, पोड़ीबहार, साडा कॉलोनी, रामपुर, सिंचाई कॉलोनी, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, सिंगापुर, डिंगापुर, जिला अस्पताल कोरबा, नेहरूनगर, ढोढ़ीपारा, झगरहा, रिसदी एवं खरमोरा औद्योगिक क्षेत्र को शामिल किया गया है।




थाना हरदी बाजार में थाना उरगा क्षेत्र में आने वाले ग्राम गुमिया एवं चौकी हरदीबाजार में आने वाले ग्राम हरदीबाजार, कोरबी, नेवसा, उतरदा, सिरली, बोईदा, मुरली, जोरहाडबरी, खम्हरिया, भलपहरी, धतूरा, रेकी, चोढ़ा, रामपुर, सरईसिंगार, आमगांव, बोकरामुड़ा, मुक्ता, पथर्री,ढोल, मुड़ापार,बम्हनीकोना, सुआ भोंडी, अंडीकछार, कासि याडीह, ओंझिआइन,झांझ, पौड़ी, भिलाई बाजार, मुढ़ाली, रलिया, छिंदपुर,दर्री, हरदीकला बाम्हनपाठ, कटकीडबरी, भठोरा, मुड़ियानार, मौहाडीह, अखरापाली, केसला, बरभाठा, कन्हैयाभाटा, सलोरा, नवापारा, भर्राकुड़ा, भाटीकुड़ा, पंडरीपानी, गंगदेई एवं कटसिरा को शामिल किया गया है।

## भाजपा जिला पदाधिकारियों ने छुरी में बैठक कर बनाई चुनावी रणनीति

- संवाददाता -
कोरबा, 18 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के जिला पदाधिकारियों, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ,संयोजक एवं जिले में निवासरत प्रदेश टीम के पदाधिकारियों सदस्यों,भाजपा मंडल अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक छुरी में आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में उद्बोधन देते हुए जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने जिले का वृत्त रखा। तत्पश्चात जिले के संगठन सह प्रभारी श्री गोपाल साहू ने अपेक्षित सदस्यों की उपस्थिति ली एवं विगत दिनों में हुए कामकाज की समीक्षा की। जिला पदाधिकारियों की बैठक में मुख्य रूप से जिले के नवनियुक्त संगठन प्रभारी एवं मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक श्री श्याम बिहारी जयसवाल उपस्थित रहे। श्री जयसवाल ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को कहा कि विगत दिनों केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह का कार्यक्रम अभूतपूर्व रहा, तथा जिले के चारों विधानसभा सीट के साथ-साथ कोरबा लोकसभा के 08 विधानसभाओं में इसका अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कोरबा लोकसभा क्षेत्र के आम जनमानस में भाजपा के प्रति एक सकारात्मक विचार है। जरूरत है कि भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सामान्य जनता तक पहुंचे। उन्होंने जिले के सभी मंडलों की मंडलवार समीक्षा की एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से जुट जाने को कहा। जिला पदाधिकारियों की बैठक के बाद जिले के कोर कमेटी की बैठक भी हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लखन लाल देवांगन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं रायगढ़ जिले के संगठन सह प्रभारी विकास महतो, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चावलानी, रामदयाल उइके, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन गर्ग, नवीन पटेल, जिले के महामंत्री संतोष देवांगन, टिकेश्वर राठिया, उपाध्यक्ष डॉ आलोक सिंह, आकाश सक्सेना, उमा भारती सराफ, जिले के मंत्री नरेश टंडन, संजय शर्मा, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश मंत्री रितु चौरसिया, अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्रीमती सुनीता पाटले, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, सह प्रभारी पवन सिन्हा आईटी सेल संयोजक नवदीप नंदा, सोशल मीडिया संयोजक अजय चंद्रा, सहित अन्य मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं संयोजक तथा भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडलों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।



# लोक निर्माण विभाग के अधिकारी के द्वारा ठेकेदारों को सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त करने के निर्देश के बाद भी ठेकेदार अपनी दबंगई से मनमाने तरीके से निर्माण कार्य को अंजाम दे रहे है...

» लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के निदेर्शों का ठेकेदार द्वारा पालन ना कर मनमाने मापदंडो पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है

» बिना पेवर मशीन के उपयोग किए धड्ल्ले से ठेकेदारों द्वारा मनमाने तरीक़े से सड़क निर्माण कार्य कर रहा है

» जेसीबी से डम्फरों मे गिट्टी भरकर ऊपर से डम्फर मे पानी डालकर धड़ल्ले से सड़कों पर ग्रेडर से बिछाया जा रहा है। ठेकेदार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के निदेर्शों को दिखा रहा है ठेंगा

» अधिकारी ठेकेदार की नजरों में सिर्फ मूकदर्शक बने हुए हैं। उनकी आखों के सामने ठेकेदार के द्वारा ग्रेडर से डब्ल्यू एम एम को सड़क पर बिछाया जा रहा है

» मुख्यमंत्री एव कलेक्टर महोदय ने सड़क की गुणवत्ता पर कडे निर्देश के बाद भी गुणवत्ता विहीन समाग्री से सड़क निर्माण कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है

» सड़क निर्माण कार्य के ठेकेदार के इंजीनियर तो साइड से रहते हैं नदारत

-राजेन्द्र कुमार शर्मा-
खड़गवां, 18 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

लोक निर्माण विभाग संभाग कोरिया के विभिन्न ग्रामों में सडक निर्माण कार्य किया जा रहा है गुडघेला नाला से सिंघत पहुंच ,करवां से खडगवा पहुंच,चोपन कोटया पहुंच सिंघत से कंहरबहरा, जिल्दा बांधपारा से कदमबहरा सडक निर्माण कार्य के तहत करोडो रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य एवं उन्नयन के कार्य मे ठेकेदार द्वारा अधिकारियों के निदेर्श के बाद भी धडल्ले से मनमानी करते हुए निर्माण कार्य को कराया जा रहा है।

जिलदा बाधंपारा से कदमबहरा पहुंच सड़क निर्माण कार्य मे सडक पर जो मिश्रण समाग्री को बिछाया जा रहा है वो किसी भी दृष्टिकोण से उपयोग एव गुणवत्ता युक्त नहीं है है जिसका जीता जागता उदहारण सडक निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे अधिकारियों के व्हाट्सएप मे इस सडक निर्माण कार्य में किस तरह की समाग्री का उपयोग किया जा रहा है और किस तरह की मिश्रण समाग्री डमफरो मे भरकर सडक पर बिछाई जा रही है इसका विडिओ भी भेजा गया है।

गौरतलब है कि उसके बाद भी ठेकेदार के द्वारा धडल्ले से वहीं गुणवत्ता विहीन घटिया गिट्टी जिसे एमसीबी कलेक्टर महोदय मे अपने निरीक्षण के दौरान घटिया बताकर रिजेक्ट कर दिया था उसी ठेकेदार के द्वारा कोरिया जिले के विभाजन का लाभ उठाकर उस घटिया गिट्टी से कोरिया जिले की जिलदा बांधपारा से कदमबहरा सडक निर्माण कार्य मे उपयोग किया जा रहा है इस सडक पर बिछाई जा रही गिट्टी का 35 प्रतिशत भाग रोड रोलर के दबाव से डस्ट के रूप मे परिवर्तन हो रहा है और इस तरह की घटिया गिट्टी से करोड़ों रुपये की लागत से सडक निर्माण कार्य करा दिया जा रहा है।

सडक निर्माण कार्य में डब्ल्यू एम एम का बिछावा पेवर मशीन से किया जाना है इस पेवर मशीन के बिना उपयोग के क्षेत्र की कई सडको का निर्माण कार्य किया गया है....

इन सडको के निर्माण कार्य की डब्ल्यू एम एम की निर्माण समाग्री को सडक पर पेवर मशीन से बिछाया जाना है जो सडको के निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारो ने नहीं किया है ये भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के आखो के सामने धडल्ले से विभाग के सारे नियम शतों मापदंडो को किनारे करते हुए ठेकेदार के द्वारा अपनी दबंगई इस मिश्रण समाग्री को ग्रेडर मशीन से बिछाकर करोड़ों रुपये की लागत कि सडक का निर्माण कार्य करा दिया गया है।








### सडक निर्माण कि समाग्री का मिश्रण डब्ल्यू एम एम प्लांट से नहीं किया जा रहा है डब्ल्यू एम एम प्लांट महज शोपीस...

नवनिर्मित सडक पर जिस निर्माण समाग्री का मिश्रण कर बिछाया जाना है उसका उपयोग ठेकेदारो के द्वारा नहीं किया जा रहा है जिस मात्रा और अनुपात से निर्माण समाग्री का मिश्रण कर डब्ल्यू एम एम की समाग्री तैयार कर सडक निर्माण कार्य किया जाना है वो कहीं पर उपयोग नहीं किया जा रहा है सिर्फ और सिर्फ गिट्टी को डमफरो मे जेसीबी मशीन से भरकर ऊपर ऊपर पानी की तराई कर सडक निर्माण किया जा रहा है जबकि गुणवत्ता और मापदंडो का पालन कर डब्ल्यू एम एम प्लांट से निर्माण समाग्री तैयार कर सडक निर्माण कार्य किया जाना है वो ठेकेदारो के द्वारा नहीं किया जा रहा है। जिससे सडक निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन एवं घटिया निर्माण धडल्ले से हो रहा है।

जबकि सडक निर्माण कार्य में ठेकेदार को इन सभी मशीन और डब्ल्यू एम एम प्लांट का उपयोग कर सडक निर्माण कार्य किया जाने का अनुबंध किया गया है। उसके बाद भी ठेकेदारो के द्वारा अधिकारियों के आखो के सामने धडल्ले से शासन के नियम निदेर्शों अनुबंध एवं मापदंडो को दरकिनार कर करोड़ों रुपये की लागत से सडक का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

डब्ल्यू एम एम प्लांट सिर्फ ठेकेदार के पास दिखाने के लिए है शोपीस है जब कभी अधिकारी जाच मे आ गए तो बडी ही सफाई से ये कह दिया जाता है कि प्लांट में खराबी होने के कारण बंद है। जबकि उस प्लांट का उपयोग डब्ल्यू एम एम मिश्रण मे किया नहीं जाता है। उस प्लांट की जगह पर समाग्री का मिश्रण गिट्टी के ढेर को जेसीबी से फैलाकर उसमें थोड़ी बहुत नाममात्र की अन्य समाग्री का छिडकाव कर जेसीबी से डम्परो मे भरकर ऊपर से पानी डालकर तैयार किया जाता है।और इसी तरह की निर्माण समाग्री से करोड़ों रुपये की सडके तैयार हो रही है ?

इस संबंध मे अधिकारियो से सडक निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर जानकारी दी की ठेकेदारो को गुणवत्ता को लेकर समय समय पर जाच कर जानकारी दी जाती है सडक निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त एवं मापदंडो के अनुसार कीजिए।

# निगम में कांग्रेस की सरकार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार,निगम कर्मचारियों को वेतन देने की बारी आई तो केंद्र सरकार पर इल्जाम क्यों?

## चिरमिरी निगम पार्षद एवम विधायक प्रतिनिधि भाजपा नेताओं को बता रहे औकात,जबकि उन्हीं की सरकार में कर्मचारी भूखे

» वीडियो जारी कर पार्षद लगा रहें हैं केंद्र सरकार पर आरोप जबकि निगम में उन्ही की है सरकार

» चंदा बांटने निगम में पैसों की नहीं होती कमी,जब कर्मचारियों को वेतन देने की आती है बारी केंद्र सरकार पर लगाते हैं आरोप





- रवि सिंह-

**मनेंद्रगढ 18 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** एमसीबी जिले का एकमात्र नगर निगम लगातार सुर्खियों में बना रहता है सुर्खियों में भी इसलिए क्योंकि निगम में लगातार ऐसी ऐसी घटनाएं होती रहती हैं की सुर्खियां बन ही जाती हैं। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान बड़े स्तर पर घोटाले की बात हो या फिर निगम के पैसे से पूजा समितियों को विधायक द्वारा चंदा देने की बात हो वहीं बात कर्मचारियों के वेतन की हो सभी मामलों में निगम सुर्खियों में बने चला आ रहा है और फिर एकबार निगम के कर्मचारियों के वेतन का मामला सुर्खियों में है और निगम के कर्मचारी वेतन बिना लगातार काम कर रहें हैं और जिनकी कोई सुध नहीं ले रहा है और निगम कर्मचारी आर्थिक तंगी झेलने मजबूर हैं,वहीं सत्ताधारी दल के नेता साथ ही निगम में भी काबिज कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार चिरमिरी के विकास की बात सोशल मीडिया पर जाहिर कर रहें हैं और यह साबित करने का पूरा प्रयास कर रहें हैं की निगम लगातार विकास पथ पर अग्रसर है और विकास की नई गाथा लगातार लिखी जा रही है। निगम में विकास की जो गाथा सोशल मीडिया पर दिखाई जा रही है वह निर्माण की गाथा है और उसे वही कांग्रेस नेता सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहें हैं जो निगम में ठेकेदारी कर रहें हैं और वह निगम से लाभ प्राप्त कर रहें हैं अन्य कोई नहीं वहीं जब निगम के कर्मचारियों के वेतन की बात आती है यही नेता तत्काल केंद्र सरकार और भाजपा पर आरोप लगाते नजर आते हैं जिसका ताजा उदाहरण हाल में ही देखने को मिला जब कांग्रेस विधायक के प्रतिनिधि एवम निगम में पार्षद ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह साबित करने का प्रयास किया की निगम के कर्मचारियों को वेतन प्राप्त नहीं होने मामले में उनकी प्रदेश सरकार साथ ही उनकी निगम सरकार का इसमें दोष नहीं है और पूरा दोष केंद्र की भाजपा सरकार का है जो निगम को उसका हक को कर के रूप में रॉयलटी के रूप में मिलने वाला है वह नहीं दे रही है इसलिए यह समस्या आ रही है और कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है। वैसे चिरमिरी नगर निगम में कांग्रेस की सरकार है और जबसे निगम में कांग्रेस की वर्तमान सरकार काबिज है लगातार कुछ न कुछ मामला ऐसा जरूर सामने आते रहता है जिससे निगम सुर्खियों में रहता है और अब सुर्खियां बटोरने में इस निगम को प्रदेश में अव्वल माना जाने लगा है जो साबित भी हो रहा है।

### निगम में कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहा है समय पर वेतन

निगम में कर्मचारियों को वेतन समय पर नहीं मिलना लगातार ऐसी बातें समाने आती रहीं हैं। निगम में कर्मचारी वेतन के लिए आए दिन परेशान रहते हैं जो देखा जाता रहा है। त्यौहार हो या आम समय निगम कर्मचारियों को वेतन के लिए लगातार परेशान होना पड़ता है। निगम ने कर्मचारियों के वेतन के लिए कभी कोई सार्थक प्रयास नहीं किया जिससे उन्हें समय पर वेतन प्राप्त हो सके और वह निश्चिंत होकर काम कर सकें।

### निगम में निर्माण कार्य के लिए नहीं होती राशि की कमी, ठेकेदारों को भुगतान में भी नहीं होती परेशानी

वहीं निगम में निर्माण कार्यों और ठेकेदारों को निर्माण कार्य के एवज में मिलने वाली राशि में कभी कमी नहीं देखी गई है। निगम में जहां अधिकांश निर्माण कार्य कांग्रेस नेता ही संपन्न कर रहें हैं और वह निगम के विकास की बात कर रहें हैं वह अपने भुगतान के लिए कभी निगम में परेशान होते हो ऐसा नहीं देखा जाता। ठेकेदारों सहित कांग्रेस नेताओ के निर्माण कार्य के भुगतान समय पर होते रहते हैं और इस हेतु निगम में कभी आर्थिक दिक्कत आई हो नहीं पाया गया जबकि कर्मचारियों के वेतन मामले में निगम फिसड्डी ही साबित होता आया है और कर्मचारी परेशान ही नजर आते रहें हैं।

### कोरोना संक्रमण काल निगम में हो चुका है बड़े पैमाने पर सेनिटाइजर घोटाला

वहीं जिस चिरमिरी नगर निगम में आज कर्मचारी वेतन के लिए परेशान हैं उसी नगर निगम में कोरोना संक्रमण काल में बड़े स्तर पर सेनीटाइजर घोटाला हो चुका है और उस समय भी निगम में पैसों की कमी आई हो नहीं देखा गया। जब लोग डर के साए में जी रहे थे और लोगों को सुरक्षा के लिए चिंता सता रही थी तब निगम की सरकार में बैठे लोगों ने लोगों की सुरक्षा मामले में भी बंदरबाट किया और लोगों की ही सुरक्षा के नाम पर अपनी जेब भरने से परहेज नहीं किया। उस समय जो सुरक्षा सामग्री जिसमे सेनीटाइजर खरीद कर बांटा गया था ऐसी फर्म के नाम पर बांटा गया था जो बंद हो चुकी फर्म थी और उसके नाम पर घोटाला कर लिया गया था और तब भी पैसों की समस्या निगम के समक्ष नहीं आई थी।

### पूजा पंडालों को निगम से विधायक ने बांटा था चंदा, तब भी पैसों की नहीं आई थी दिक्कत

निगम से पूजा पंडालों को चंदा बांटने का मामला भी सामने आ चुका है। विधायक ने पूजा पंडालों को चंदा निगम से बांटा था जो सबूत सहित बात सामने आई थी और तब भी निगम में आर्थिक दिक्कत नहीं आई थी जो देखने में आया था। निगम से चंदा बांटने मामले में विधायक की किरकिरी भी हुई थी और उस समय भी कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा था और कर्मचारी परेशान थे और उनकी परेशानी दूर करने की बजाए चंदा बांटना जरूरी समझा गया था। कुल मिलाकर निगम में कर्मचारियों की कभी सुध लेने की कोशिश नहीं की गई और वे लगातार वेतन के लिए परेशान ही नजर आए और आज भी वह परेशान ही हैं।

### वर्तमान में निगम कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहा है वेतन

वर्तमान में निगम के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है और वह परेशान हैं। निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वेतन समय पर मिल पाने की शिकायत हमेशा रही है और इसका कोई ठोस समाधान कभी नहीं ढूंढ़ा गया और यही वजह है की उनकी समस्या बरकरार है। निगम में कर्मचारियों को लेकर कोई गंभीर होता तो ऐसी समस्या नहीं आती और उनको समय पर भुगतान हो जाता। वहीं निगम में काबिज कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओ का वेतन मामले में हमेशा यही जवाब सामने आता है की इसके लिए केंद्र सरकार दोषी है और इसी वजह से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है और वह वेतन के लिए परेशान हैं।

### भाजपा नेता ने निगम कर्मचारियों को बांटी आवश्यक सामग्री

चिरमिरी निगम के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाने की वजह से आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड रहा है और उनकी समस्या देखकर भाजपा नेता ने उन्हे आवश्यक सामग्री बांटने का निर्णय लिया है। भाजपा नेता ने अपने सामर्थ्य अनुसार कर्मचारियों को सब्जी बांटने का प्रयास किया है वहीं भाजपा नेताओं ने पूरे मामले में निगम को घेरने का भी सोशल मीडिया पर अभियान जारी रखा हुआ है। निगम के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाने की वजह से उन्हे दैनिक आवश्यक सामग्री भी ले पाने में कठिनाई हो रही है यह भाजपा सामने रखकर निगम की असफलता गिना रही है।

### विधायक प्रतिनिधि एवं निगम पार्षद हुए उग्र,भाजपा नेता को बताई उसकी औकात

एक तरफ चिरमिरी नगर निगम अपने कर्मचारियों को वेतन दे पाने में असमर्थ है वहीं जब भाजपा नेता कर्मचारियों की मदद करना चाह रहें हैं उसमे भी कांग्रेस नेता अडंगा डाल रहें हैं भाजपा नेता को उसकी औकात बता रहें हैं। बता दें की भाजपा नेता ने कर्मचारियों को सब्जी बांटने की कोशिश की वहीं तभी वहां निगम में पार्षद व विधायक प्रतिनिधि पहुंचते हैं और वह भाजपा नेता को उसकी औकात बताकर उसके प्रयास को नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं और पूरे घटनाक्रम को खुद सोशल मीडिया पर प्रसारित करते हैं। कांग्रेस नेता खुद सरकार में रहकर कर्मचारियों की मदद नहीं कर रहें है और वह मदद करने वाले को उसकी औकात बता रहें हैं। कांग्रेस नेता पार्षद की वीडियो लोगों को भी समझ नही आ रही है और लोगों का कहना है की खुद कर्मचारियों की मदद जो नहीं कर सकते और जो केवल निगम में ठेकेदारी कर रहें हैं अपनी जेब भर रहें हैं उन्हें किसी का विरोध करने का कोई अधिकार नहीं है।

# क्या मनेंद्रगढ़ विधायक के समर्थकों का एक ही नारा...पूरे मनेंद्रगढ़ का शासकीय दीवार हमारा?

» कांग्रेस विधायक द्वारा रेलवे की दीवारों पर वॉल पेंटिंग,मनेंद्रगढ़ के हर सरकारी दीवारों पर विनय

» मनेंद्रगढ़ विधायक के समर्थक अभी से ही चुनाव प्रचार में जुट गए हैं सरकारी दीवारों पर कब्जा करने लगे है

» घटती-घटना खबर के बाद बीजेपी एक बार फिर जाग गई है और फिर से प्रचार का विरोध करने लगी है

» एमसीबी जिले के भाजपाई एकजुट होकर रेलवे के सहायक मंडल इंजीनियर को ज्ञापन सौंप कड़ी कार्यवाही की मांग की है

- रवि सिंह -

**मनेंद्रगढ 18 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** नवीन जिले एमसीबी के मनेंद्रगढ़ विधायक के समर्थक के लिए विधानसभा चुनाव आ गया है और वह अपने विधायक के प्रचार प्रसार में इतने जोरों शोरों से जुड़ गए हैं कि उन्हें शासकीय व निजी समझ में नहीं आ रहा है पहले उन्होंने नेशनल हाईवे के नियम विरुद्ध उनके जेब्रा पेंटिंग को खराब कर अपने विधायक का प्रचार प्रसार किया और अब रेलवे को भी निशाना बना लिया है रेलवे के दीवार पर भी विनय ही छाए हुए हैं लगता है मनेंद्रगढ़ विधायक के समर्थक का एक ही नारा है मनेंद्रगढ़ का सारा दीवार हमारा है। पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग 43 की दीवारों पर वाल पेंटिंग को लेकर भाजपाइयों ने चेतावनी तो दी थी पर चेतावनी के बाद मामला ठंडे बस्ते में दिख रहा था, क्योंकि विरोध करने वाले हैं कांग्रेस के साथ खड़े दिख रहे थे जिसके बाद घटती-घटना ने खबर प्रकाशित कर एक बार फिर से भाजपाइयों को याद दिलाया है जिसके बाद भाजपाइयों ने फिर से अपना विरोध दर्ज कराने इस बार रेलवे अधिकारी के पास पहुंचे, अब यह देखना है कि इस बार भी सिर्फ यह चेतावनी देकर ही शांत हो जाएंगे या फिर आगे कोई उग्र प्रदर्शन करेंगे।

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 की दीवालो पर वॉल पेंटिंग के मुद्दे पर किरकिरी कराने के बाद कांग्रेस विधायक के द्वारा रेलवे की दीवारों पर अब वॉल पेंटिंग कराकर अपना प्रचार करने का प्रयास किया गया परंतु लगता है कि अब इसमें भी विधायक जी की किरकिरी होगी। एक मुद्दा अभी शांत हुआ नहीं था कि अब रेलवे की दीवारों पर विधायक जी के बड़े-बड़े प्रचार लिखे नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि रेलवे की संपत्ति पर बिना अनुमति इस तरह का प्रचार कानूनी दंडनीय अपराध है। मगर विधायक जी मानो कानून की धज्जियां उड़ाने पर आमादा है। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंकुर जैन के नेतृत्व में आज सहायक मंडल इंजीनियर रेलवे को रेलवे की दीवारों पर कांग्रेस पार्टी द्वारा जो प्रचार किया जा रहा है उसके संबंध में ज्ञापन दिया गया और मांग की गई कि इस मुद्दे पर तत्काल कार्यवाही करते हुए दीवारों से विज्ञापन हटाया जाए, इसका हर्जाना विधायक महोदय से लिया जाए एवं अपराधिक मामला दर्ज किया जाए। रेलवे द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर इन दीवारों पर सफेद रंग कराया जाता है परंतु कांग्रेस विधायक के द्वारा राष्ट्रीय राज्य मार्ग, रेलवे की संपत्ति एवं पब्लिक प्रॉपर्टी पर वॉल पेंटिंग्स करा कर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अंकुर जैन,भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव, पार्षद सुनैना विश्वकर्मा, लखनलाल श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक मंडल महामंत्री इकबाल सिंह, बलाल अख्तर, रामधुन जयसवाल, प्रमोद बंसल, विवेक अग्रवाल, आनंद ताम्रकार, रितेश ताम्रकार, अमित नायर, रिचेन सिंह, ईशा दास, प्रखर जायसवाल,आलोक जयसवाल, आशीष मजूमदार, गीता पासी, जेके सिंह, अलका विश्वकर्मा, बबीता दुबे, अंजना विश्वकर्मा, सभाजीत यादव, भरत दुबे आदि उपस्थित रहे।




# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

- संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 18 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** नेहरू युवा केंद्र बैकुंठपुर कोरिया युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं जिला युवा अधिकारी पवन कुमार के निर्देशानुसार ब्लॉक बैकुंठपुर ग्राम पंचायत पुटा गणेशपुर ग्राउंड में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में सोपारी लाल (सरपंच पुटा), चिंता प्रसाद देवांगन (उपसरपंच), रामा शंकर साहू (उपसरपंच पंचायत अंगा), संतोष साहू (पंच), सरजू देवांगन (पंच), गोलू गुप्ता, रामजीवन साहू, नेहरू युवा केंद्र के एमटीएस राजीव साहू उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माला अर्पण कर किए। जिसके पश्चात अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक हरिओम साहू व युवा मंडल के सदस्यों द्वारा अतिथियों का पुष्प





गुच्छ व बेच लगाकर स्वागत किया गया। नेहरू युवा केंद्र कोरिया के एमटीएस राजीव साहू के द्वारा नेहरू युवा केंद्र और ब्लॉक लेवल खेल कूद प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी राजीव ने बताया कि ब्लॉक लेवल के बाद जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें विजेता उपविजेता प्रतिभागि भाग ले सकेंगे जिसके पश्चात अतिथियों के द्वारा फीता काटकर फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जिसमे 4 टीमों ने भाग लिया अंगा, मुरमा, कटकोना, पुटा की टीम रही फाइनल मैच कटकोना और अंगा के बीच खेला गया जिसमें कटकोना की टीम विजेता रही व अंगा टीम उपविजेता रही जिसके बाद अतिथियों के द्वारा विजेता टीम और उपविजेता टीम को पुरस्कार दिया गया और टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन व संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक हरीओम साहू के द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा मंडल अध्यक्ष बाल सिंह, रमेश चक्रधारी, कुलदीप देवांगन का सहयोग रहा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा छ0ग0**

रा0प्र0क्र0-202201021700070/अ-27 / 2021-2022

**अंतिम फर्द बंटवारा ईश्तहार प्रकाशन**

आवेदक अरविन्द शर्मा आ0 स्व0 राम आशीष शर्मा, व अन्य 04 निवासी गुदरी चौक अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम रजपुरीखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 60,150, रकबा क्रमशः 0.384 0.194 हे0 कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.578 हे0 भूमि का अनावेदक श्रवण कुमार शर्मा आ0 राम आशीष शर्मा, व अन्य 04 के मध्य बंटवारा कराने हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है। हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा सूची एवं फर्द नक्शा का अंतिम प्रकाशन किया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो पेशी दिनांक 06/02/2023 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 13/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा छ0ग0**

रा0प्र0क्र0-202201021700069/अ-27 / 2021-2022

**अंतिम फर्द बंटवारा ईश्तहार प्रकाशन**

आवेदक अरविन्द शर्मा आ0 स्व0 राम आशीष शर्मा, व अन्य 04 निवासी गुदरी चौक अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम देवगढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 126, 381, 382, 383/2, 426, 427, 428, 436, रकबा क्रमशः 0.223 0.481 0.421 0.388, 0.352 0.053, 0.174 हे0 कुल खसरा 08 कुल रकबा 2.371 हे0 भूमि का अनावेदक श्रवण कुमार शर्मा आ0 राम आशीष शर्मा, व अन्य 04 के मध्य बंटवारा कराने हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है। हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा सूची एवं फर्द नक्शा का अंतिम प्रकाशन किया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो पेशी दिनांक 06/02/2023 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 13/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2

**न्यायालय तहसीलदार नजूल, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

रा0प्र0क्र0-926/अ-20(1) / 2020-2021

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन राजस्व प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के परिपत्र क्रमांक एफ 04-07/सात-01/2019 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 11/09/2019 के द्वारा जारी निर्देशानुसार छ.ग. राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड 4(1) एवं 4(2) के अद्यतन संशोधित प्रावधानों के तहत आवेदक मिथलेश सिंह मरावी आ0 स्व0 भागवत सिंह मरावी निवासी नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा के द्वारा नगर अम्बिकापुर के मोहल्ला ग्राम नमनाकला अम्बिकापुर स्थित शासकीय नजूल भूमि खसरा नम्बर 243/1 रकबा 39.04 एकड़ में से 264.25 वर्गमीटर भूमि पर मकान निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। उसके व्यवस्थानपन/आबंटन बावत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28/01/2023 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल तहसीलदार अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार नजूल, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

रा0प्र0क्र0-956/अ-20(1) / 2020-2021

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन राजस्व प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के परिपत्र क्रमांक एफ 04-07/सात-01/2019 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 11/09/2019 के द्वारा जारी निर्देशानुसार छ.ग. राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड 4(1) एवं 4(2) के अद्यतन संशोधित प्रावधानों के तहत आवेदक/आवेदिका मानकुवर पति अनुपाल राम निवासी ग्राम नमनाकला अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा नगर अम्बिकापुर के मोहल्ला नमनाकला अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि खसरा नम्बर 243/1 रकबा 39.04 एकड़ में से 135 वर्गमीटर भूमि जिस पर आवेदक के द्वारा दिनांक अगस्त 2017 के पूर्व से मकान कर अतिक्रमण किया गया है। उसके व्यवस्थापन/आबंटन बावत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश दिनांक 28/01/2023 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल तहसीलदार अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202301021200004/अ-6/2022-2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्याम कुमार यादव आ0 स्व0 अमरनाथ, निवासी-दर्रीपारा, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा जनदर्शन में आवेदन (टोकन नम्बर 2020323000157) प्रस्तुत कर बताया गया कि उनके दादा के स्वामित्व व हक की मोहल्ला-दर्रीपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 3646/1, 3647/1 रकबा 0.09, 0.14 एकड़ भूमि उनके दादा बबना आ0 सीताराम एवं अन्य के नाम से दर्ज है। उनके दादा की मृत्यु हो चुकी है, और वर्तमान में नजूल अभिलेख में उनका ही नाम दर्ज चला आ रहा है। उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास का निर्माण कराया जाना है। अतः खातेदार के मृत्यु के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-03/02/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 18/01/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202301021200005/अ-6/2022-2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ललिता साहू आ0 मांशिराम, निवासी-दर्रीपारा, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा जनदर्शन में आवेदन (टोकन नम्बर 2020323000158) प्रस्तुत कर बताया गया कि उनके दादा के स्वामित्व व हक की मोहल्ला-दर्रीपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 3901 रकबा 0.02 एकड़ भूमि उनके दादा बागर आ0 चमरू बरगाह के नाम से दर्ज है। उनके दादा की मृत्यु हो चुकी है, और वर्तमान में नजूल अभिलेख में उनका ही नाम दर्ज चला आ रहा है। उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास का निर्माण कराया जाना है। अतः खातेदार के मृत्यु के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-03/02/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 18/01/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-120/अ-6/2022-2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश आ0 स्व0 मोहन राम, जाति-गोड़, निवासी-केदारपुर, नगर अम्बिकापुर, जिला-अम्बिकापुर जिला-सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि श्रीमती सावित्री देवी पत्नी स्व0 राजपाल, मोहन राम आ0 स्व0 राजपाल गोड़, निवासी-केदारपुर, नगर अम्बिकापुर, एवं अन्य के स्वामित्व व हक की शीट नम्बर 02 मोहल्ला केदारपुर नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 213/1 214 रकबा 0.37 $^{1/2}$ 0.03 एकड़ भूमि है। खातेदार श्रीमती सावित्री देवी पत्नी स्व0 राजपाल, निवासी-केदारपुर, नगर अम्बिकापुर की मृत्यु दिनांक 05.06.2007 मोहन राम आ0 स्व0 राजपाल की मृत्यु दिनांक 31.12.2020 को हो चुकी है। श्रीमती सावित्री देवी पत्नी स्व0 राजपाल के वारिस-पुत्र मोहनराम है। मोहन राम के वारिस पुत्र-रमेश है। अतः भूधारक के वैध वारिस होने के कारण खातेदार के रूप आवेदकगण का फौती नामान्तरण दर्ज किये जाने बावत् आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-10/02/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 11/01/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

# क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाने के लिये भारत को बड़े अंतर से जीत की जरूरत



**भुवनेश्वर,18 जनवरी 2023।** पिछले मैच में गोलरहित ड्रॉ खेलने वाली भारतीय टीम एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के आखिरी पूल मैच में बृहस्पतिवार को जब वेल्स से खेलेगी तो उसका लक्ष्य बड़े अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाने का होगा। भारत और इंग्लैंड के दो मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से चार अंक हैं लेकिन इंग्लैंड गोल औसत से आगे है। इंग्लैंड का गोल औसत प्लस पांच है जबकि भारत का प्लस दो है। भारत के लिये फायदा यह होगा कि मैच से पहले उसे पता होगा कि उसे कितने गोल से जीतना है क्योंकि इंग्लैंड और स्पेन का मैच उससे पहले है। इंग्लैंड अगर हारता या ड्रॉ खेलता है तो भारत का काम जीत से ही चल जायेगा और वह पूल डी में शीर्ष पर रहेगा। इसके साथ ही वह 'ग्रुप आफ डैथ ' से सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंच जायेगा।

इंग्लैंड अगर स्पेन को हरा देता है तो भारत को कम से कम पांच गोल के अंतर से जीत तो दर्ज करनी ही होगी। इंग्लैंड की जीत के अंतर के अनुसार यह आंकड़ा बढ जायेगा। दोनों टीमों के समान गोल और समान जीत रही तो पूल चरण में रैकिंग का निर्धारण गोल औसत के आधार पर होगा। भारत दूसरे स्थान पर भी रहता है तो वह टूर्नामेंट से बाहर नहीं होगा। ऐसे में उसे पूल सी की तीसरे स्थान की टीम से क्रॉसओवर खेलना होगा जो न्यूजीलैंड या मलेशिया हो सकती है। भारत ने स्पेन को 2 . 0 से हराने के बाद इंग्लैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला। राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम पर दो मैच खेलने के बाद अब टीम कलिंगा स्टेडियम पर इस विश्व कप का अपना पहला मैच खेलेगी। चारों पूल से शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जायेगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान की टीमें क्रॉसओवर मैच खेलेंगी।

एक पूल की दूसरे स्थान की टीम दूसरे पूल की तीसरे स्थान की टीम से खेलेगी और विजयी टीम पूल की शीर्ष टीम से क्वार्टर फाइनल खेलेगी। भारत पूल डी में शीर्ष रहकर सीधे क्वालीफाई कर लेता है तो उसे एक मैच कम खेलना होगा और अंतिम आठ में टीम तरोताजा होगी। मिडफील्डर और पूर्वकप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा ,''अगर हम पूल में शीर्ष रहते हैं तो एक मैच कम खेलेंगे जो अच्छा होगा। हम अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाकर रणनीति पर अमल करने की कोशिश करेंगे।'' भारत के लिये चिंता का सबब पेनल्टी कॉर्नर है। अब तक मिले नौ पेनल्टी कॉर्नर से भारतीय टीम सीधे गोल नहीं कर सकी है। अमित रोहिदास ने स्पेन के खिलाफ गोल किया था लेकिन हरमनप्रीत सिंह की ड्रैग फ्लिक नाकाम रहने के बाद रिबाउंड पर वह गोल हुआ था।

ड्रैग फ्लिकर और कप्तान हरमनप्रीत का खराब फॉर्म भारत की चिंता का विषय बना हुआ है जो स्पेन के खिलाफ पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल भी नहीं कर सके थे। भारत को फील्ड गोल करने के मौके भी भुनाने होंगे। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा ,'' मौके गंवाने से हमें बचना होगा। वेल्स के खिलाफ हमें भारी अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।'' मैच से पहले भारत को झटक लगा है क्योकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह चोट के कारण यह मैच नहीं खेल सकेंगे। वह क्रॉसओवर या क्वार्टर फाइनल तक ही फिट हो पायेंगे।उनकी जगह विवेक सागर प्रसाद खेलेंगे। दूसरी ओर दोनों मैच हार चुकी वेल्स की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है और प्रतिष्ठा के लिये ही खेलेगी।



## सरफराज की अनदेखी अनुचित है और घरेलू क्रिकेट की तौहीन:प्रसाद

**नयी दिल्ली,18 जनवरी 2023।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने बीसीसीआई और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिये सरफराज खान की अनदेखी अनुचित है और घरेलू क्रिकेट की तौहीन है। मुंबई के लिये खेलने वाले 25 वर्षीय सरफराज घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बना रहे हैं। उन्होंने दिल्ली के खिलाफ रणजी ग्रूप बी के मैच में फिर शतक जड़ा। इस सत्र में यह उनका तीसरा शतक है । प्रसाद ने ट्वीट किया,'लगातार तीन घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन के बावजूद उन्हें टेस्ट टीम में नहीं चुनना सरफराज खान के साथ ही नाइंसाफी नहीं है, बल्कि यह घरेलू क्रिकेट की भी तौहीन है, मानो यह प्लेटफॉर्म मायने ही नहीं रखता।

भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच ने यह भी कहा कि भारतीय टीम में कई क्रिकेटर हैं जिनका वजन सरफराज से अधिक है। उन्होंने कहा, 'और वह रन बनाने के लिये फिट हैं। शरीर के वजन की जहां तक बात है तो कई ऐसे हैं जिनका वजन उससे ज्यादा है। सरफराज पिछले दो रणजी सत्र में 12 मैचों में 136.42 की औसत से 1910 रन बना चुके हैं।

## शुभमन गिल ने जड़ा न्यूजीलैंड के खिलाफ दोहरा शतक



### इस मामले में तेंदुलकर से आगे निकले

**नई दिल्ली ,18 जनवरी 2023।** भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले में दोहरा शतक जड़ा है। रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने आए शुभमन गिल लगातार अच्छी बल्लेबाजी करते रहे। शुभमन गिल ने 149 गेंदों में 208 रनों की पारी खेली। अपनी इस पारी में शुभमन गिल ने 19 चौके और 9 छक्के लगाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 140.54 कर रहा है। शुभमन गिल भारत की ओर से दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 23 साल 132 दिन की उम्र में यह दोहरा शतक जड़ा है। इससे पहले यह रिकॉर्ड ईशान किशन के नाम था जिन्होंने हाल में ही 24 साल 145 दिन की उम्र में बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था।

शुभमन गिल भारत की ओर से दोहरा शतक जड़ने वाले पांचवे खिलाड़ी हैं। इससे पहले महान सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा और ईशान किशन दोहरा शतक जड़ चुके हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा व्यक्तिगत रन बनाए हैं। इससे पहले सचिन तेंदुलकर के नाम यह रिकॉर्ड था। सचिन तेंदुलकर ने 186 रन हैदराबाद में ही 1999 में बनाए थे। वहीं, मैथ्यू हेडन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 181 व्यक्तिगत रन हैमिल्टन में 2007 में बनाए थे।

भारत ने बुधवार को सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (208 रन) के पहले दोहरे शतक की बदौलत न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में आठ विकेट पर 349 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। गिल ने अपनी पारी के दौरान 149 गेंद का सामना करते हुए 19 चौके और नौ छक्के जमाये। उनके अलावा भारत के लिये रोहित शर्मा ने 34 रन और सूर्यकुमार यादव ने 31 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिये हेनरी शिपले और डेरिल मिचेल ने दो दो विकेट हासिल किये।

## एशियन गेम्स से पहले भारतीय एथलीट दुती चंद को नाडा ने अस्थायी तौर पर किया निलंबित

**नई दिल्ली ,18 जनवरी 2023।** भारत की स्टार एथलीट दुती चंद को लेकर बड़ी खबर आई है। दुती चंद डोप टेस्ट में फेल हो गई हैं। 100 मीटर रेस की चैंपियन के डोप टेस्ट में फेल होने के बाद उन्हें अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया गया है। एथलीट दुती चंद का यूरिन सैंपल पांच दिसंबर 2022 को लिया गया था। इस सैंपल में पाया गया कि एथलीट दुती चंद प्रतिबंधित पदार्थों का सेवन कर रही थी।

जानकारी के मुताबिक लिए गए सैंपल में प्रतिबंधित पदार्थ अनाबोलिक स्टेरॉयड की मात्रा पाई गई। इस मात्रा के पाए जाने के बाद दुती चंद को निलंबित किया गया है। इस मामले पर नाडा ने भी जानकारी साझा की है। नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) के मुताबिक दुतीचंद के सैंपल में एंडराइन, ओस्टारिन और लिंगाड्रोल की मात्रा काफी अधिक पाई गई है। नाडा ने अपने आधिकारिक नोटिफिकेशन में ये जानकारी दी है। नाडा ने दुती चंद को भी एक पत्र लिखा है जिसमें उसने कहा कि आपको सूचित किया जाता है कि



नेशनल डोप टेस्टिंग लैबोरेट्री में आपका सैंपल ए सकारात्मक पाया गया है। विश्व एंडी डोपिंग एजेंसी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ये सैंपल टेस्ट किया गया था। योगशालाओं के मानक और नीचे दिए गए विवरण के रूप में प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष लौटाए गए थे। पत्र में दुती को संभावित परिणामों के बारे में भी चेतावनी दी गई है। पत्र में कहा गया कि इस पत्र के जरिए एएएफ के संभावित परिणामों और परिणामी अनुशासनात्मक प्रक्रिया के रूप में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है।

वैसे ये पहला मौका नहीं है जब दुती चंद चर्चा में आई है। इससे पहले कुछ समय पूर्व ही उन्होंने लेस्बियन होने की बात स्वीकार की थी जिसकी वजह से वो चर्चा में आई थी। उन्हें इस बात का काफी विरोध झेलना पड़ा था। इसके बाद उनकी शादी की खबरें भी चर्चा में आई थी लेकिन बाद में पता चला कि उनकी बहन की शादी में वह अपने पार्टनर के साथ शरीक हुई थीं। बता दें कि 26 वर्षीय दुतीचंद ने 2018 एशियाई खेलों में 100 मीटर और 200 मीटर दोनों स्पर्धाओं में रजत पदक अपने नाम किया था। वहीं, राष्ट्रीय 100 मीटर रेस में वह स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।

## शीर्ष पदक विजेता पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के खिलाफ खोला मोर्चा

**नई दिल्ली ,18 जनवरी 2023।** टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया और विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट समेत देश के शीर्ष पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर मंतर पर धरने पर बैठे हैं। सभी खिलाड़ियों ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए 18 जनवरी को जंतर मंतर का रुख किया और फेडरेशन के खिलाफ आवाज बुलंद की।



पहलवानों ने ट्विटर पर अपनी मांगों को रखा है। बजरंग पुनिया ने ट्विट किया कि खिलाड़ी पूरी मेहनत कर देश को मेडल दिलाता है लेकिन फेडरेशन ने हमें नीचा दिखाने के अलावा कुछ नहीं किया है। मनचाहे कानून लगाकर खिलाड़ियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। फेडरेशन का काम खिलाड़ियों का साथ देना, उनकी खेल की जरुरतों का ध्यान रखना होता है। कोई समस्या हो तो उसका निदान करना होता है। अगर फेडरेशन ही समस्या खड़ी करे तो क्या किया जाए? अब लड़ना होगा, हम पीछे नहीं हटेंगे।

बजरंग, विनेश, रियो ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक, विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता सरिता मोर, संगीता फोगाट, सत्यव्रत मलिक, जितेंद्र किन्हा और राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता सुमित मलिक जंतर मंतर पर धरने पर बैठे 30 पहलवानों में हैं। बजरंग ने कहा कि हमारी लड़ाई सरकार या भारतीय खेल प्राधिकरण के खिलाफ नहीं है। हम डब्ल्यूएफआई के खिलाफ है। हम आज इसका ब्यौरा देंगे। ये तो अब आर पार की लड़ाई है। बजरंग का सहयोगी स्टाफ भी धरने पर बैठा है जिसमें उनके कोच सुजीत मान और फिजियो आनंद दुबे शामिल हैं। एक अन्य पहलवान ने कहा कि तानाशाही नहीं चलेगी।

वहीं विनेश फोगाट ने ट्वीट किया कि खिलाड़ी आत्मसम्मान चाहता है और पूरी शिद्दत के साथ ओलंपिक और बड़े खेलो के लिए तैयारी करता है लेकिन अगर फेडरेशन उसका साथ ना दे मनोबल टूट जाता है।लेकिन अब हम नही झुकेंगे।अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे।

## पहले वनडे में विराट कोहली तोड़ सकते हैं सचिन का बड़ा रिकॉर्ड

**हैदराबाद,18 जनवरी 2023।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली फिर से अपनी पुरानी लय में लौट चुके हैं। वह अब लगातार अपने नाम रिकॉर्ड दर्ज करवा रहे हैं। भारत के इस स्टार क्रिकेट के पास अब न्यूजीलैंड के खिलाफ आज से शुरू होने जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में भी सचिन का एक रिकॉर्ड तोडने का मौका होगा। विराट कोहली अगर पहले मैच में शतक लगाने में सफल रहे तो वह कीवी टीम के खिलाफ वनडे में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर और सनथ जयसूर्या को पीछे छोड़ देंगे। इन तीनों ही बल्लेबाजों के न्यूजीलैंड के खिलाफ सर्वाधिक पांच-पांच शतक हैं।

## अक्षय और टाइगर की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग शुरू

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर चर्चा में हैं। अब निर्माता अली अब्बास जफर ने ट्विटर हैंडल पर क्लैपबोर्ड की एक तस्वीर साझा कर जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म का बजट 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस लिहाज से यह फिल्म बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल हो जाएगी। फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय और




टाइगर के अलावा सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं, जो खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं, जबकि इसका निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख द्वारा किया गया है। बता दें, अमिताभ बच्चन और गोविंदा की कॉमेडी एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां साल 1998 में रिलीज हुई थी। हालांकि, वाशु भगनानी की यह फिल्म रीमेक नहीं है।

## नागिन फेम सुरभि चंदना ने इंडो-वेस्टर्न लुक में कराया हॉट फोटोशूट

टीवी की हॉट नागिनों में से एक सुरभि चंदना हमेशा अपनी बोल्ड और हॉट फोटोशूट के कारण चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रे जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर बेशुमार प्यार लूटाते हैं। हाल ही में सुरभि चंदना ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन दिनों एक्ट्रेस को कलर्स टीवी के सीरियल शेरदिल शेरगिल में एक इंडिपेंडेंट बिजनेस वुमन का किरदार निभाते हुए देखा जा रहा है। अपने बेबाक अंदाज से फैंस का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस सुरभि चंदना इन दिनों अपनी हॉट फोटोज शेयर कर के इंस्टाग्राम पर तहलका मचा रही हैं। नागिन फेम सुरभि चंदना ने हाल ही में अपने इंडो-वेस्टर्न लुक्स की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। उन्होंने इन तस्वीरों में ब्लू कलर की शर्ट पहनी हुई है और साथ ही फ्लोरल यैलो कलर की थाई स्लिट ड्रेस में बोल्ड पोज देती हुई नजर आ रही हैं। ओपन कर्ली हेयर में अभिनेत्री सुरभि चंदना का ये लुक दर्शक काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना अपने ड्रेसिंग सेंस और अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल खुश कर देती हैं। बॉलीवुड अदाकारा सुरभि चंदना अक्सर इंस्टाग्राम पर नए- नए लुक्स में तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस सुरभि ने अपनी अदाओं से एक बार फिर फैंस को अपना कायल बना दिया है। एक्ट्रेस सुरभि चंदना टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं और हर बार अपने लुक से फैंस को अपनी ओर अट्रेक्ट करती रहती हैं।

















## मैं अपने हर परफॉर्मेंस से लोगों को चौंकाता रहूंगा: अर्जुन कपूर

कुत्ते में एक भ्रष्ट पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे अर्जुन कपूर ने कहा कि वह अपनी प्रत्येक फिल्म के साथ एक अभिनेता के रूप में सुधार करना चाहते हैं।

अर्जुन ने कहा, मैं बस हर फिल्म के साथ सुधार करना चाहता हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं फिल्म दर फिल्म अपने प्रदर्शन से लोगों को आश्चर्यचकित करता रहूंगा। यह देखना बेहद खुशी की बात है कि कुत्ते में मेरे प्रयास के बारे में मीडिया और दर्शक उत्साहजनक हैं। यह वास्तव में मेरे लिए दिलचस्प भूमिकाएं चुनना जारी रखने के लिए प्रेरित कर रहा है जो मुझे स्क्रीन पर बेहतर प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित करती हैं।अर्जुन अपनी प्रशंसित फिल्म संदीप और पिंकी फरार के बाद एक पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं।



वह मीडिया और दर्शकों से एक बार फिर प्यार पाकर रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, संदीप और पिंकी फरार से ही, मैं विश्वसनीय फिल्म निर्माताओं के साथ विश्वसनीय फिल्में खोजने की यात्रा पर हूं, जो मुझे एक अभिनेता के रूप में विकसित होने में मदद करती हैं और कुत्ते एक और ऐसी फिल्म है, जिसे मैं बहुत महत्व देता हूं।

# मुख्यमंत्री ने तखतपुर वासियों को दी बड़ी सौगात

## संक्षिप्त समाचार

### बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों का प्रमोशन के साथ तबादला




**रायपुर ,18 जनवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में पुलिस विभाग में बड़ी फेरबदल के साथ पद्दोन्नति की गई है। गृह विभाग से जारी आदेश के अनुसार 36 पुलिस कर्मियों का पद्दोन्नति के साथ तबादला किया गया है, जिनमे निरक्षक, कंपनी कमांडर, उप पुलिस अधीक्षक, सहायक सेनानी में संवर्ग शामिल है।

### बालोद में तेजी से फैल रहा चिकन पॉक्स



#### 14 नए मरीज फिर मिले,स्वास्थ्य विभाग ने की पुष्टि

**बालोद ,18 जनवरी 2023(ए)।** गुरूर ब्लॉक के ग्राम चंदनबिरही में चिकनपॉक्स का प्रकोप जारी है। कल 14 नए मरीज मिलने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। इसके पहले सोमवार को 9 मरीज मिले थे। इस लिहाज से दो दिन में ही 23 मरीज मिल चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार ओवरऑल मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 72 पहुंच गया है। विभागीय टीम शिविर का आयोजन कर स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है। विभाग का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है।

**शराब प्रेमी हो जाए सावधान!**

### देशी शराब के अंदर मेंढक मिलने से मचा हड़कंप



**कोरबा ,18 जनवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में देशी शराब की बोतल में मेंढक मिलने से हड़कंप मच गया है. यहाँ के हरदी बाजार कॉलेज चौक स्थित देशी शराब दुकान में शराब लेने गए 2 दोस्तों को सीसी के अंदर मरा हुआ मेंढक मिला. जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है.

आपको बता दें कि, हरदी बाजार कॉलेज चौक स्थित देशी शराब दुकान में मनगांव में रहने वाले दो युवक शराब पीने पहुंचे थे. दोनों मदिरा दुकान से लेकर घर आए और जैसे ही शराब गिलास में डाली तो सीसी के अंदर मरा हुआ मेंढक तैरता हुआ दिखा.

### ग्रामीण औद्योगिक पार्क की गतिविधियों का किया निरीक्षण साथ ही ये 15 बड़ी घोषणाएं

**रायपुर,18 जनवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भेंट-मुलाकात अभियान के क्रम में आज विधानसभा क्षेत्र तखतपुर के अंतर्गत बेलपान में तेजी से विकसित किए जा रहे ग्रामीण औद्योगिक पार्क का अवलोकन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों के आग्रह पर उनके द्वारा निर्मित कोसा जैकेट को पहना और लाभांवित हितग्राहियों से भी बात की। मुख्यमंत्री ने रीपा औद्योगिक पार्क स्थल पर पीपल का पौधरोपण भी किया।







#### 8 व्यक्तिगत हितग्राहियों को किया बैंक लोन स्वीकृत

तेजी से विकसित हो रहे रीपा में 8 युवा उद्यमी वेल्डिंग, सिलाई, कूलर मेकिंग, स्लीपर मेकिंग, सीमेंट पोल बनाने, लोहे के उपकरण बनाने के काम करेंगे। यहां भोजनालय और स्टेशनरी मार्ट का व्यवसाय भी होगा इसके लिए 8 व्यक्तिगत हितग्राहियों को 7.50 लाख रुपए का बैंक लोन भी स्वीकृत किया गया है और लगभग 3 लाख रुपए की सब्सिडी दी गई है। बेलपान में 6 महिला स्व-सहायता समूह द्वारा मसाला, वर्मी खाद, गोबर बिक्री, मशरूम उत्पादन एवं प्रोसेसिंग फ्लाई ऐश ब्रिक्स और सब्जी, बड़ी का काम भी किया जाएगा। रीपा के स्थापित होने से ग्रामीण उद्यमियों को और स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

#### रीपा में शुरू होगा फ्लाई ऐश से ईट बनाने की यूनिट

बेलपान में स्थापित हो रहे रीपा में 31.50 लाख रुपए की लागत से फ्लाई ऐश से ईट बनाने का यूनिट शुरू होगा। यहां अत्याधुनिक



मशीनों द्वारा फ्लाई ऐश ईट बनाई जाएंगी। जिनका उपयोग अधोसंरचना निर्माण और सरकारी तथा निजी क्षेत्रों के निर्माण कार्यों में किया जाएगा। इसके लिए यहां शेड, स्टोर और वर्किंग क्षेत्र के लिए आधा एकड़ भूमि विकसित की गई है। ईट बनाने के लिए फ्लाई ऐश सीपत के बिजली घर से लिया जाएगा। रीपा में मसाला उद्योग से 9 महिला सदस्यों के स्व-सहायता समूह लाभान्वित होंगे। इसे 19 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है।

यहां हल्दी पाउडर, मिर्ची पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला, अमचूर, मीट एवं चिकन मसाला सहित मिक्स मसाला और सब्जी मसाला बनाया जाएगा। मसाला यूनिट में बने उत्पादों को क्षेत्रीय बाजारों के साथ-साथ मॉल, सी मार्ट और शासकीय संस्थाओं में भी भेजा जाएगा। रीपा के मशरूम यूनिट में लगभग 17 लाख रुपए की लागत से आयसटर मशरूम यूनिट तैयार की जाएगी। इस यूनिट से कम कृषि भूमि वाले या भूमिहीन किसानों को मशरूम की खेती कर अधिक लाभ कमाने की ट्रेनिंग भी दी गई है।

इस यूनिट से उत्पादित मशरूम को लोकल बाजार के साथ-साथ सी मार्ट, प्रतिष्ठित होटल और शासकीय स्कूल और छात्रावास में भी उपयोग किया जाएगा। रीपा आद्यौगिक पार्क स्थल पर मुख्यमंत्री के साथ मंत्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा जाम एवं संसदीय सचिव व तखतपुर विधायक रश्मि आशीष सिंह द्वारा कदम के पौधे का रोपण किया गया।

#### 'पटवारी पैसा मांगते हैं' बघेल से की शिकायत,

मुख्यमंत्री ने जांच कर पटवारियों पर कड़ी करवाई के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात के लिए आज बिलासपुर जिले के तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेलपान पहुंचे। यहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी जनता का स्वागत स्वीकार करते हुए सभी का अभिवादन किया।

इस दौरान सीएम भूपेश बघेल आम जनता से मुलाकात कर उनसे मिले और समस्या भी सुनी। वहीं सीएम भूपेश बघेल को पपुलर दास मानिकपुरी ने शिकायत की कि पटवारी पैसा मांगते हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल कलेक्टर को जांच के एवं शिकायत सही पाए जाने पर पूर्व एवं वर्तमान के दोनों पटवारियों के ख़िलाफ़ कड़ी करवाई करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री की 15 बड़ी घोषणाएं

1. तखतपुर नगर के जल संकट को दूर करने जल आवर्धन योजना में तखतपुर को खुड़िया जलाशय से जल आपूर्ति की जायेगी।
2. बेलपान मंदिर / मेला स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा ।
3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलपान हेतु एम्बुलेंस प्रदान की जायेगी।
4. बेलपान में प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास 50 सीटर का निर्माण किया जायेगा ।
5. तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिये भवन निर्माण कराया जायेगा ।
6. उस्लापुर फ्लाईओवर से सकरी तक सड़क चौड़ीकरण कराया जायेगा ।
7. ग्राम भरनी में गुरू घासीदास जयंती मेला स्थल पर भवन एवं अहाता निर्माण कराया जायेगा ।
8. ग्राम पंचायत गनियारी को नगर पंचायत बनाया जायेगा।
9. ग्राम संकरीभांटा में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जायेगा।
10. ग्राम साल्हेकापा में मीडिल स्कूल व ग्राम निगारबंद, बेलसरा तथा पोंगरिहा में प्राथमिक शाला के लिये भवन का निर्माण कराया जायेगा।
11. ग्राम दर्री के स्टेडियम का उन्नयन व बाउंड्रीवाल निर्माण कराया जायेगा।
12. शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज तखतपुर का नामकरण स्व. ठाकुर बलराम सिंह जी पूर्व विधायक तखतपुर के नाम पर।
13. शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय तखतपुर का नामकरण वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर करने हेतु घोषणा।
14. बीजापुर में प्राथमिक शाला का माध्यमिक स्कूल में उन्नयन की भी घोषणा।
15. सेदा माध्यमिक स्कूल के हाई स्कूल में उन्नयन की घोषणा।

# ईडी के खिलाफ कोर्ट में दायर हुई याचिका

### याचिकाकर्ता निखिल चंद्राकर ने टार्चर व धमकाने सहित लगाये ये आरोप

**रायपुर ,18 जनवरी 2023 (ए)।** प्रताड़ना मामले में ईडी के खिलाफ रायपुर कोर्ट में याचिका दायर की गयी है। याचिकाकर्ता निखिल चंद्राकर ने ईडी की विशेष कोर्ट में याचिका दायर कर ईडी पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं। इससे पहले निखिल चंद्राकर रायपुर के तेलीबांधा थाने में भी लिखित शिकायत दर्ज करायी थी, लेकिन उन शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होते देख, कोर्ट में याचिका दायर की गयी है।

#### दो पेज की शिकायत में लगाए ये आरोप

तेलीबांधा थाने में अपने दो पेज की शिकायत में निखिल चंद्राकर ने ईडी पर टार्चर करने और धमकाने की बात लिखी है। तेलीबांधा थाने में शिकायत के आधार पर निखिल चंद्राकर ने अपने वकील सोएब अल्वी के माध्यम से दिनांक 16.01.2023 को ईडी की स्पेशल कोर्ट में याचिका दर्ज करायी है। याचिका में निखिल चंद्राकार द्वारा




विशेष न्यायालय को इस बात से अवगत कराया गया की ई.डी. के अधिकारियों द्वारा दिनांक 23.12.2022 को उसे अवैधानिक तरीके से घर से बिना कोई नोटिस दिए घर से उठा कर ले जाया गया तथा रात भर उससे क्रूरतापूर्ण व्यवहार करते हुए उसे एक लॉक-अप में 24 घण्टों से भी अधिक समय तक रखा गया।

अपने आवेदन में निखिल द्वारा बताया गया है दिनांक 24.12.2022 को उसकी तबीयत खराब होने बाद भी उसे न तो खाना खाने दिया गया न ही उसका ईलाज करवाया और न ही उसे छोड़ा गया। जब 24 घण्टों से अधिक समय से होने के उपरांत भी निखिल को ई.डी. के अधिकारियों द्वारा न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं किया गया तो निखिल के पिता लक्ष्मण चंद्राकार द्वारा न्यायालय में एक आवेदन लगाया गया कि उनके पुत्र को अवैध तरीके से हिरासत में रखा गया है और उसकी कोई जानकारी अथवा खबर भी उनके परिवार वालों को नहीं दी जा रही है। जिसपर ई.डी. के आदिकारियों द्वारा निखिल से जबर्दस्ती अपने पिता को फोन करवाकर यह कहा गया कि अगर वो अपना आवेदन वापस नहीं लेते तो निखिल को भी केस में आरोपी बना दिनया जाएगा, जिससे निखिल के पिता घबरा गए और उन्होने अपना आवेदन वापस ले लिया।

#### झूठ बोलने का डाला दबाव

अपने आवेदन में निखिल ने यह भी बताया है कि ई.डी. के अधिकारियों द्वारा उसे सौम्या चौरसिया, तथा अन्य बड़े अधिकारियों, व्यापारियों एवं नेताओं के खिलाफ पैसों की लेनदेन तथा घोटाले के बारे में बयान देने को कहा गया और जब निखिल द्वारा उक्त बातों का विरोध किया गया तो उसे डराया गया कि अगर निखिल ई.डी. के अधिकारी जैसा बोल रहे हैं वैसा नहीं करेगा तो उसके लिए अच्छा नहीं होगा और उसे भी केस में आरोपी बनाकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आगे निखिल चंद्राकर ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि जब उसने झूठा बयान देने से मना कर दिया तो ई.डी. के अधिकारियों द्वारा उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया जिससे उसे घोर अभित्रास एवं आघात पहुंचा।




# रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच को लेकर टिकटों की मारा-मारी

### ऑनलाइन नहीं मिल रही सीट, फेल साबित हुए दावे

**रायपुर ,18 जनवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पहली बार भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच पहली बार अंतर्राष्ट्रीय मैच होने जा रहा है जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। 21 जनवरी को खेले जाने वाले भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज के दूसरे वनडे मुकाबले के टिकट की बुकिंग आज बुधवार 18 जनवरी से फिर शुरू हो गई है।

दावा किया जा रहा था कि दूसरे फेज में दर्शक पेटीएम पर बुधवार की शाम 4 बजे से टिकट बुक कर सकेंगे। लगभग 8 से 10 हजार जनरल गैलरी के टिकट बुकिंग के लिए उपलब्ध रहने का दवा किया जा रहा था। लेकिन जब लोगों ने टिकिट बुकिंग करना चाहा तो ये दावे फेल साबित हुए और बताया जा रहा है कि सभी सीट फुल बतायी जा रही है।

इस फेज में लगभग सभी 500, 1000, 1250 और 1500 रुपए की कीमत वाली टिकट शामिल होने थे। बता दें, भारत-न्यूजीलैंड के बीच नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में यह मैच दोपहर 1.30 बजे से डे-नाइट खेला जाएगा।

मैच खत्म होने के बाद दर्शकों के मनोरंजन के लिए स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर का लेजर शो का भी आयोजन किया जाएगा। दावा किया जा रहा था कि एक आईडी से चार टिकट बुक कर सकेंगे। आपको बता दें कि पहले फेज में 28 हजार टिकिट जारी किये गए थे जो एक दिन में बिक गईं थी।

# बस कंडेक्टर ने किया पांच साल की मासूम से दुष्कर्म,आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली ,18 जनवरी 2023(ए)।** मुंगेली के करही स्कूल बस में पांच साल की मासूम बच्ची दुष्कर्म की शिकार हो गई। घटना कल दोपहर की है, जब अध्ययन इंटरनेशनल स्कूल से बच्ची बस से वापिस आ रही थी। बच्ची को अकेला पाकर बस कंडक्टर ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पास्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।



आरोपी बस कंडेक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम मनीष तिवारी है। बच्ची स्कूल से कल घर पहुंची तो रो रही थी। जब मां के पूछने पर उसने बताया कि बस के दाढ़ी वाले अंकल ने उसके साथ गंदी हरकत की है। जिस कारण उसे दर्द हो रहा है। माँ ने जब चेक किया तो देखा कि बच्ची के प्राइवेट पार्ट से लगातार खून बह रहा था। जिसे लेकर प्राथमिक उपचार के लिए यशोदा हॉस्पिटल डॉ. प्रियंका जांगड़े के पास पहुंचे डॉक्टर ने उपचार के दौरान बताया कि बच्ची के साथ घिनौनी हरकत की गई है, जिस कारण खून का रिसाव हो रहा है। इसके बाद परिजनों ने थाने पहुंच कर आरोपी बस कंडक्टर के विरुद्ध अपराध दर्ज करने की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी मनीष तिवारी उर्फ नीलू के विरूद्ध धारा 376 एवी लैंगिक अपराधों से चालको का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तार किया गया। बस कंडक्टर नशेड़ी प्रवृति का है। बावजूद इसके स्कूल प्रबंधन ने काम पर रखा था। पूरे प्रदेश में कमोवेश यही स्थिति है, स्कूल वाले ज्यादा वेतन देने से बचने बिना जांच पड़ताल किए किसी को स्कूल में रख लेते हैं।

परिजनों का कहना है, स्कूल प्रबंधन मामले को दबाने का प्रयास में था। बच्ची के परिजन आरोपी को फांसी देने की मांग कर रहे है उनका कहना है कि जिस व्यक्ति को 5 साल की मासूम में हवस नजर आ रहा है ऐसे लोग समाज के लिए घातक ऐसे लोगों को जल्द से जल्द फांसी पर लटका देना चाहिए ताकि समाज से ऐसी गंदगी साफ हो, इसके बाद ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति बंद हो जाएगी।

# स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव बोले-रमन सिंह बड़े भाई

### बड़े भाई को छोटे भाई की चिंता करनी ही चाहिए नई पार्टी को लेकर सनसनीखेज बयान

**राजनांदगांव ,18 जनवरी 2023(ए)।** टीएस सिंहदेव ने कहा कि रमन सिंह बड़े भाई हैं और बड़े भाई को छोटे भाई की चिंता करनी भी चाहिए। इसमें कोई दिक्कत नहीं है और मैंने उन्हें भी आश्वस्त किया है कि उन्हें कोई दिक्कत नहीं है, वो अपना ध्यान रख सकते हैं। उन्होंने राजनांदगांव के दौरे पर रहे, जहां उन्होंने एक बार फिर बीजेपी में जाने की बात को खारिज कर दिया। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या भविष्य में वे अपनी नई पार्टी बना सकते हैं, तो उन्होंने हंसते हुए मजाकिया लहजे में जवाब दिया- 'नहीं, बहुत पैसा लगता है'।

टीएस सिंहदेव से पत्रकारों ने पूछा था कि क्या चुनाव में बड़े भाई और छोटे भाई का मिलन होगा, इस पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वे कभी भी बीजेपी में नहीं जाएंगे और न तो दूसरी पार्टी ही बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरी जो व्यक्तिगत विचारधारा है, जो मेरे जीवन का दर्शन है, वो बीजेपी से मेल नहीं खाती, इसलिए मैंने बार-बार कहा है कि मैं भारतीय जनता पार्टी में नहीं जाऊंगा। हालांकि उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उनका राजनीतिक भविष्य क्या होगा, वो समय ही बताएगा।

टीएस सिंहदेव ने बुधवार को नवनिर्मित नर्सिंग कॉलेज का भी लोकार्पण किया। इसके अलावा टीएस सिंहदेव ने विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार को 10 में 7 नंबर देते हुए कहा कि घोषणा पत्र बनाने की जिम्मेदारी मेरी थी। घोषणा पत्र में जो-जो वादे किए गए हैं, उसका पालन किया जाएगा। घोषणा पत्र में कोई हवा-हवाई बात नहीं है।

स्वास्थ्य मंत्री ने नवनिर्मित नर्सिंग कॉलेज का



लोकार्पण करते हुए कहा कि राज्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती की जा रही है। हर साल 1500 एमएमबीएस और 200-250 के करीब एमडी-एमएस निकलते हैं, उसी में से भर्तियां पूरी की जा रही हैं। अभी प्रदेश को 600 से ज्यादा विशेषज्ञ डॉक्टरों की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार एमबीबीएस डॉक्टरों के अलावा एमडी-एमएस की भर्ती करने की कोशिश कर रही है, लेकिन प्राइवेट सेक्टर में जाने के कारण उनके पद खाली हो जाते हैं। वहीं जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर टीएस सिंहदेव ने कहा कि कढऊ के जरिए डॉक्टरों को 34 फीसदी इंसेंटिव दिया जा रहा है, ताकि उन्हें कम वेतन नहीं मिलने की शिकायत न हो। उन्होंने कहा कि हम बिना हड़ताल के भी सबकी बात सुनते हैं, इसलिए हड़ताल करना कहीं से भी सही नहीं है। बता दें कि 19 जनवरी से इंटर्न डॉक्टर हड़ताल पर जाने वाले हैं।

इसके अलावा टीएस सिंहदेव ने ईडी की कार्रवाई को लेकर सवाल पूछने पर कहा कि तथ्यों के आधार पर अगर कार्रवाई की जाती है, तो वो न्यायसंगत है, लेकिन अगर इसमें राजनीतिक दुर्भावना है, तो फिर वो न्यायसंगत नहीं है।

#### इंटर्न डॉक्टर 19 जनवरी से हड़ताल पर जाएंगे

स्टायपेंड नहीं बढ़ाए जाने से नाराज नेहरू मेडिकल कॉलेज व अंबेडकर अस्पताल के 350 से ज्यादा जूनियर डॉक्टर व 150 से ज्यादा इंटर्न डॉक्टर 19 जनवरी से हड़ताल पर जाएंगे। इससे ओपीडी समेत ऑपरेशन थिएटर में सर्जरी से लेकर लैब में ब्लड जांच, सोनोग्राफी से लेकर एमआरआई व सीटी स्कैन की जांच व रिपोर्टिंग प्रभावित हो सकती है। जूडो ने इमरजेंसी सेवा से भी बाहर रहने का निर्णय लिया है। मंगलवार को जूडो ने स्वशासी समिति की बैठक में कॉलेज पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से भी चर्चा की, लेकिन बात नहीं बन पाई थी।



# हत्या के आरोपी पर जानलेवा हमला,मचा हड़कंप

**रायपुर ,18 जनवरी 2023(ए)।** राजधानी में बदमाशों के हौंसले बुलंद हो गए है। पुलिस की मौजूदगी में सेंट्रल जेल के बाहर की बदमाशों में चाकूबाजी हुई है। पुलिस ने बताया कि दलदल सिवनी में हुई चाकूबाज़ी में गिरफ़्तार आरोपी त्रिशाल दुबे उर्फ़ प्रिंस दुबे के भाई हर्षद दुबे को जेल के बाहर युवकों ने मिलने के बहाने चाकू मारकर फरार हो गए। पुलिस ने मामलें में फरार दो आरोपियों की तलाश करने में लगी है।

ये वारदात तब हुआ जब सभी आरोपीयो को जेल दाखिल करने के समय दो युवक मिलने के बहाने पहुंचें और हर्षद दुबे को चाकू मारकर वहां से फरार हो गए। पुलिस ने आगे बताया कि कोर्ट से पीछा करते हुए दो युवक जेल तक पहुंचें थे। युवक को गंभीर हालत में मेकाहारा में भर्ती किया गया है। आरोपी युवराज सिंह और सूरज चौरे फ़रार हो गए है। ये पूरा मामला गंज थाना इलाक़े का बताया जा रहा है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)